
हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# धरती पर 'मंगल' कदम

17 अगस्त को भारत लौट सकते हैं शुभांशु, लखनऊ में शुक्ला की मां आशा देवी व पिता शंभुदयाल की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। बहन शुचि ने भी नम आंखों से हाथ जोड़कर भाई के पृथ्वी पर उतरने का स्वागत किया।



**शुभांशु ड्रैगन अंतरिक्ष यान से मुस्कुराते हुए बाहर निकले**

- **20 दिन की अंतरिक्ष यात्रा पूरी करने के बाद धरती पर लौटे सभी चारों अंतरिक्ष यात्री**
- **पहली बार किसी भारतीय ने आईएसएस में बिताए 18 दिन**


**अमेरिका में दक्षिण कैलिफोर्निया के सैन डिएगो में समुद्र में भारतीय समयानुसार दोपहर बाद 3:01 बजे यान उतरा। इसके बाद सभी अंतरिक्ष यात्रियों को रिकवरी शिप शैनन तक ले जाया गया, जहां से सभी बाहर निकले। ग्राउंड स्टाफ ने उन्हें खड़े होने में मदद की।**

**पीएम मोदी ने कहा-मैं राष्ट्र के साथ मिलकर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूं। आपने समर्पण, साहस और अन्वेषण की भावना से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है। यह अंतरिक्ष यात्रा गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है।**



## शुक्ला के पृथ्वी पर उतरते ही भारत में जश्न, छलके खुशियों के आंसू

**नई दिल्ली (भाषा)।** शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 18 दिन के प्रवास के बाद मंगलवार को खुशी व मुस्कुराहट के साथ पृथ्वी पर लौट आए। यह एक ऐसी उपलब्धि है, जो भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान की महत्वाकांक्षाओं को साकार करने का वादा करती है। उनके पृथ्वी पर कदम रखते ही भारत ने जश्न मनाया और लखनऊ में उनके माता-पिता और अन्य परिजनों की आंखें खुशी से छलक उठीं। लखनऊ में जन्मे शुक्ला और निजी 'एक्सिओम-4' मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री प्रशांत भारतीय समयानुसार अपराह्न 3:01 बजे कैलिफोर्निया के सैन डिएगो के निकट प्रशांत महासागर में उतरे। इस दौरान पूरे भारत में खुशी की लहर दौड़ गई। भारतीय वायु सेना में ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय हैं। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत रूस मिशन के तहत अंतरिक्ष की यात्रा की थी। वह ऐसे पहले भारतीय भी बन गए हैं, जिन्होंने पृथ्वी की कक्षा में सबसे लंबे समय (20 दिन) तक रहकर अंतरिक्ष की यात्रा की। भारत, हंगरी और पोलैंड के लिए इस मिशन ने मानव अंतरिक्ष उड़ान की वापसी को साकार किया है, क्योंकि इन देशों के अंतरिक्ष यात्रियों ने 40 वर्षों से अधिक समय बाद पहली बार अंतरिक्ष की यात्रा की है।



*इस पैराशूट की मदद से अंतरिक्ष यान कैलिफोर्निया के तट पर महासागर में उतरा। शुभांशु को 634 नंबर का बैज दिया गया।*

***शुभांशु की मेडिकल जांच और रिहैबलिटेशन के लिए 7 दिन लगेंगे ताकि वे पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में फिर से ढल सकें। इसके बाद ही शुभांशु की भारत वापसी संभव होगी। सूत्रों का कहना कि वे 17 अगस्त तक लौटेंगे।***

### दल ने 18 दिन में 60 प्रयोग किए

ड्रैगन ग्रेस अंतरिक्ष यान 25 जून को फ्लोरिडा से उड़ा था और 28 घंटे की यात्रा के बाद 26 जून को आईएसएस पहुंचा था। कक्षीय प्रयोगशाला में शुक्ला, कमांडर पैगी व्हिटसन तथा पोलैंड के मिशन विशेषज्ञ स्लावोज उज़्नान्स्की-विस्नीवस्की और हंगरी के टिबोर कापू सहित एक्सिओम-4 मिशन दल ने 18 दिन 60 प्रयोगों और 20 संपर्क सत्रों में बिताए। ड्रैगन अंतरिक्ष यान ने 28000 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से यात्रा करते हुए एक्सिओम-4 चालक दल के सदस्यों को लेकर धीरे-धीरे गति कम करने और पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करने के लिए कई प्रक्रियाएँ पूरी कीं।

### पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षण के साथ तालमेल बिठाया

ड्रैगन अंतरिक्ष यान को स्पेसएक्स के 'रिकवरी शिप शैनन' के ऊपर ले जाया गया, जहां शुक्ला और अन्य अंतरिक्ष यात्री मुस्कुराते हुए व कैमरों की ओर हाथ हिलाते हुए अंतरिक्ष यान से बाहर निकले। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर तीन सप्ताह तक भारहीनता की स्थिति में रहने के बाद पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षण के साथ तालमेल बिठाने के लिए पैरों के सहारे चलवाने में शुक्ला और तीनों अंतरिक्ष यात्रियों की 'ग्राउंड स्टाफ' ने मदद की।

## यमन से मिली राहत की खबर नर्स निमिषा की फांसी टली

**नई दिल्ली (भाषा)।** यमन में मौत की सजा का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की फांसी यमनी अधिकारियों ने टाल दी है। सरकार के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रिया को बुधवार को फांसी दी जानी थी। केरल में पलक्कड़ के कोल्लेंगोडे की रहने वाली प्रिया को जुलाई 2017 में एक यमनी नागरिक की हत्या का दोषी पाया गया है। सूत्रों ने बताया कि ऐसी जानकारी मिली है कि यमन के स्थानीय अधिकारियों ने 16 जुलाई को होने वाली फांसी की सजा टाल दी है। भारत सरकार ने हाल के दिनों में प्रिया के परिवार को दूसरे पक्ष के साथ 'पारस्परिक रूप से स्वीकार्य' समाधान तक पहुंचने के वास्ते अधिक समय देने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। यमन की एक अदालत ने 2020 में उसे मौत की सजा सुनाई थी और देश की सर्वोच्च न्यायिक परिषद ने नवंबर 2023 में उसकी अपील खारिज कर दी थी। भारत की 38 वर्षीय नर्स अभी यमन की राजधानी सना की एक जेल में बंद है, जो ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाला क्षेत्र है।



हत्या के मामले में केरल की नर्स को आज दी जानी थी सजा



सिरसा में भारी बारिश के बाद तालाब बनी सड़क

**जलभराव ने बढ़ाई परेशानी**
**वाहन चालकों को भारी दिक्कतें**

## सूबे के 7 जिलों में बारिश 13 में ऑरेंज अलर्ट जारी

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** प्रदेश में मंगलवार को 7 जिलों में भारी बारिश हुई। वहीं, 13 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी रहा। नारनौल, गुरुग्राम, हिसार, सिरसा, नूंह, झज्जर और करनाल के घरौंडा में तेज बारिश होने से सड़कों और घरों में पानी भर गया। इसके कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हिसार स्थित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खिचड़ ने बताया कि बुधवार को भी भिवानी, हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, चरखी दादरी, रोहतक, झज्जर, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, पलवल, फरीदाबाद, नूंह, गुरुग्राम में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। कुछ एक स्थानों पर मध्यम से तेज बारिश की भी संभावना है। विभाग के मुताबिक प्रदेश में 18 जुलाई तक बारिश के आसार हैं। सिरसा और हिसार में पानी की निकासी नहीं होने से गुस्साए लोगों ने प्रदर्शन भी किया।

■ स्कूटर, कार, बाइक सड़क पर बारिश के पानी में बंद हुए

### नूंह में बच्चे का शव बरामद

नूंह जिले के गांव सिकरावा से गुजर रही उजीना ड्रेन में डूबे 11 साल के बच्चे का शव 24 घंटे बाद मिला। बच्चा नहर में पड़ी झाड़ियों में फंसा हुआ था। सोमवार को दोपहर बच्चा 2 दोस्तों के साथ नहर में नहाने के लिए गया था। नहाते वक्त तीनों पानी में डूबने लगे। इस दौरान 2 को लोगों ने बचा लिया, लेकिन एक को नहीं बचा पाए।

### राजस्थान : बारिश से 16 की मौत

**नई दिल्ली।** राजस्थान में भारी बारिश के चलते बाढ़ के हालात हैं। प्रदेश में बरसात के कारण हुए अलग-अलग हादसों में 24 घंटे में 16 लोगों की मौत हो गई। सोमवार को कोटा में सबसे ज्यादा 198एमएमए बारिश हुई। वहीं मध्य प्रदेश में मानसून जमकर बरस रहा है। नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जबलपुर, रीवा समेत 10 जिलों में एक सप्ताह से लगातार बारिश जारी है। इन जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं।

### बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,570.91 | 317.45 ▲ |
| निफ्टी | 25,195.80 | 113.50 ▲ |
| **धातु** | **कीमत** | **गिरावट** |
| सोना | 99,370/- | 200/- ▼ |
| चांदी | 1,12,000/- | 3000/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 85.76 | 16 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल 69.09 बैरल | | 0.17% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## राहुल गांधी का लखनऊ के कोर्ट में सरेंडर, पांच मिनट में ही जमानत



**लखनऊ (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार दोपहर लखनऊ कोर्ट में सरेंडर कर दिया। इसके 5 मिनट बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी। एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा ने 20-20 हजार के दो बॉन्ड पर राहुल को जमानत दी। राहुल कोर्ट के अंदर करीब 30 मिनट तक रहे। राहुल दिल्ली से लखनऊ एयरपोर्ट आने के बाद सीधे एमपी-एमएलए कोर्ट पहुंचे थे। भारतीय सेना पर की गई टिप्पणी को लेकर कोर्ट ने उन्हें पेश होने का आदेश दिया था।

तियानजिन की जमीन से 'आतंक' पर भारत की चीन-पाकिस्तान को खरी-खरी...

## एससीओ देश आतंक को कतई बर्दाश्त न करने की नीति पर टिके रहें : जयशंकर

*भारतीय विदेश मंत्री ने चीनी राष्ट्रपति शी के साथ की मुलाकात द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा*

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के अपने समकक्षों से मुलाकात की। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति शी को भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में हाल में हुई प्रगति के बारे में अवगत कराया। विदेश मंत्री एससीओ के एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए सोमवार को दो दिवसीय यात्रा पर चीन पहुंचे। इससे पहले जयशंकर ने चीन-पाक का नाम लिए बिना एससीओ के मंच से आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ को आश्रय देने वाले देशों को खरी-खरी सुनाई। जयशंकर ने कहा कि एसीओ देशों को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति पर टिके रहना चाहिए और आतंक को फंडिंग करने और आश्रय देने वालों को न्याय के कटघर में लाया जाना चाहिए।



### आतंक के गुनहगारों को नहीं बख्शेगा भारत

जयशंकर ने कहा, भारत आतंक के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेगा। आतंक के गुनहगारों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि एससीओ देश भी आतंक के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति पर काम करें। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाक की सीमा में घुसकर 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया और 100 से अधिक आतंकी मार गिराए।

### सम्मेलन में विदेश मंत्री ने उठाया पहलगाम मुद्दा

विदेश मंत्री जयशंकर ने तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) परिषद की बैठक में पहलगाम में हुए आतंकी हमले का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सदस्य देशों को एससीओ के मूल उद्देश्यों के प्रति सच्चा रहना चाहिए। आतंकवाद पर बिना किसी समझौते के सख्त रुख अपनाना चाहिए। पहलगाम में 22 अप्रैल को जो हमला हुआ, जिसमें 26 लोग मारे गए, वह जानबूझकर जम्मू और कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने के लिए किया गया था। इसका मकसद धार्मिक विभाजन पैदा करना था।





आकर्षक लाभों के साथ जीवन बीमा सुरक्षा

| पॉलिसी अवधि | प्रीमियम भुगतान अवधि |
|---|---|
| 16 | 10 |
| 21 | 15 |
| 25 | 16 |

एलआईसी का जीवन लाभ

एक पार, नॉन-लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना

Plan No.: 736 UIN No.: 512N304V03

- न्यूनतम मूल बीमा राशि : ₹200,000/-
- अधिकतम मूल बीमा राशि : कोई सीमा नहीं
- प्रवेश की न्यूनतम आयु : 8 वर्ष
- प्रवेश की अधिकतम आयु : पॉलिसी अवधि 25/21/16 वर्ष के लिए 50/54/59 वर्ष

अधिक जानकारी के लिए, अपने एजेंट/निकटतम एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें।

डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

"प्रोडक्ट के अंतर्गत दर्शाए गए बोनसों के जोखिम घटकों की कोई गारंटी नहीं है. पिछली कार्यकुशलता भावी बोनसों के बारे में किसी संकेत की रचना नहीं करती है तथा ये प्रोडक्ट्स बीमा कंपनी की निवेशों, व्ययों के प्रबंधन, मर्त्यता तथा कालातीत होने के रूप में समग्र कार्यकुशलता के अधीन है."

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

हर पल आपके साथ

LIC/P1/2024-25/52/Hin

धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

## खबर संक्षेप

### पेड़ कटाई की एनओसी प्रक्रिया होगी सरल : राव

**चंडीगढ़।** हरियाणा के वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सार्वजनिक या निजी कार्यों के लिए पेड़ काटने हेतु एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) जारी करने में अनावश्यक विलंब न किया जाए। वन मंत्री ने टेंडर प्रक्रिया को भी सरल और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीएफओ वर्क एलोकेशन में टेंडरों पर अपने एकाधिकार की भावना न रखें। उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा दिए गए आवेदन पर यदि कोई आपत्ति हो, तो उसे एक बार में ही दर्ज किया जाए, ताकि प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और जनता को बार-बार परेशान न होना पड़े। राव नरबीर सिंह आज हरियाणा निवास, चंडीगढ़ में वन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

### अन्य शहरों में भी मजबूत होगा स्वच्छता अभियान

**चंडीगढ़।** कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने मंगलवार को बताया कि हरियाणा के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में, स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में करनाल और सोनीपत को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा रहा है। 17 जुलाई को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में होने वाले पुरस्कार समारोह में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तथा केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर पुरस्कार वितरित करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए सम्मान प्राप्त करेंगे। गोयल ने बताया कि अन्य शहरों में भी स्वच्छता अभियान को और मजबूत किया जाएगा।

### छात्रवृत्ति और फीस माफी हर गरीब छात्र के लिए हो

**चंडीगढ़।** इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दो अलग अलग घोषणाएं की हैं जिसमें एक मेवात के भिवानी बोर्ड सरकारी स्कूलों की अनुसूचित जाति की छात्राएं जो 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करेंगी उनको सालाना 1 लाख 11 हजार रुपए और अन्य सभी वर्ग के छात्र एवं छात्राओं के लिए 51 हजार प्रोत्साहन राशि देने और दूसरी हरियाणा के एससी और बीसी छात्र एवं छात्राओं के लिए है जिसमें सरकारी कॉलेजों में मेडिकल और इंजीनियरिंग में दाखिला लेने पर पूरी फीस माफ करने की घोषणा की है। एससी और बीसी छात्र एवं छात्राओं के लिए की गई घोषणाएं स्वागत योग्य है लेकिन यही घोषणाएं पूरे हरियाणा की सभी वर्ग और जातियों के बच्चों के लिए भी करनी चाहिए जो होनहार हैं और 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हैं लेकिन उनके माता पिता आर्थिक रूप से कमजोर हैं।

## मंत्री आरती राव ने दी जानकारी, 2,256 करोड़ की स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन होगा

# प्रदेश के 785 चिकित्सा संस्थानों को अपग्रेड करेंगे, एमबीबीएस की सीट भी बढ़ाई जाएंगी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवा सेवाओं में सुधार के लगातार तीव्र प्रयास कर रहा है। विभाग ने 720 नए डॉक्टरों की नियुक्ति की है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव पंचकूला में आयोजित पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहीं थीं। उन्होंने बताया कि राज्यभर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप-स्वास्थ्य केंद्र और नागरिक अस्पतालों सहित 785 चिकित्सा संस्थानों को अपग्रेड किया जाना है। इनमें से 534 के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। राव ने बताया कि एमबीबीएस की सीट भी बढ़ेंगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगामी महीने में सभी जिलों में लगभग 2,256 करोड़ की की कई स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन और 594 करोड़ की अतिरिक्त परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

### अंबाला के चांदपुरा गांव में सरकारी होम्योपैथिक कॉलेज बनेगा



स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने बताया कि आयुष के क्षेत्र में, हरियाणा वित्त वर्ष 2025-26 में कुरुक्षेत्र के फतेहपुर गांव में 100 एकड़ भूमि पर श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना करेगा। इस विश्वविद्यालय में बीएएमएस की 63 सीटें, पीजी की 82 सीटें और फार्मेसी डिप्लोमा की 63 सीटें होंगी। इसके अतिरिक्त, रेवाड़ी और जींद में आयुष हर्बल पार्क स्थापित किए जाएंगे तथा अंबाला के चांदपुरा गांव में सरकारी होम्योपैथिक कॉलेज प्रस्तावित है। इस पहल को सहयोग देने के लिए रामपुर-सरसेहड़ी सामुदायिक केंद्र में 25 बिस्तरों वाला एक होम्योपैथिक अस्पताल पहले ही संचालित हो चुका है।

### रेफरल इकाइयों का विस्तार होगा

मंत्री राव ने प्रथम रेफरल इकाइयों (एफआरयू) को बढ़ाने के लिए राज्य के व्यापक प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। इन एफआरयू में विशेष रूप से मातृ एवं नवजात शिशु देखभाल प्रदान की जाती है। वर्ष 2014 में, हरियाणा में 41 एफआरयू थे, जो अब बढ़कर 87 हो गए हैं। विशेषज्ञ सेवाओं वाली अतिरिक्त एफआरयू पाइपलाइन में हैं। उन्होंने उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि स्कूली बच्चों को मुफ्त चश्में और 45 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए दृष्टि सुधार प्रदान करने हेतु इस महीने शुरू किया गया यह अपनी तरह का पहला राज्यव्यापी अभियान है।

### छः नर्सिंग कॉलेज निर्माणाधीन

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने बताया कि हरियाणा में एमबीबीएस सीटों की संख्या 2014 में 700 थी, जो आज बढ़कर 2,185 हो गई हैं। भिवानी और चरखी दादरी में नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के साथ, इस वर्ष के अंत तक 300 एमबीबीएस सीटें और जुड़ जाएंगी। पीजी (एमडी/एमएस) सीटों की संख्या, जो 2014 में 289 थी, वह बढ़कर 874 हो गई हैं। नर्सिंग शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए, छः सरकारी नर्सिंग कॉलेज निर्माणाधीन हैं। रेवाड़ी कॉलेज का उद्घाटन पहले ही हो चुका है, जबकि शेष पांच कॉलेजों का निर्माण कार्य 90 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है।


### लिंगानुपात में सुधार

लिंगानुपात के संबंध में पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सख्त निगरानी के कारण पिछले 2-3 वर्षों में इन आंकड़ों में लगातार सुधार हो रहा है। संदिग्ध अवैध गर्भपात की रिवर्स ट्रैकिंग की जा रही है और बिना डॉक्टर की प्रिसक्रिप्शन पर एमटीपी गोलियों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जिससे इस प्रवृत्ति में सकारात्मक बदलाव आया है।

### 1.4 लाख चश्मे बांटे

राव ने जानकारी दी कि 22 जिला अस्पतालों, 50 उप-मंडल अस्पतालों और 122 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एक साथ 1.4 लाख से ज्यादा चश्मे वितरित किए जा चुके हैं। 14,267 सरकारी स्कूलों में लगभग 21 लाख छात्रों की आँखों की जांच चल रही है, और 40,000 दृष्टिबाधित छात्रों को मुफ्त चश्में दिए जाएंगे। राव ने बताया कि अस्पतालों में शेष पदों को भरने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

## कल्याण ने महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति से की कार्यों पर चर्चा



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मंगलवार को मुंबई में महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति प्रो. राम शिंदे से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं ने महाराष्ट्र और हरियाणा के विधायी कामकाज तथा 'वन नेशन-वन लेजिस्लेचर' पर चर्चा की।

हरियाणा विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने इससे पहले सोमवार को महाराष्ट्र विधान सभा और विधान परिषद की कार्यवाही देखी थी। कल्याण का यह दौरा संसदीय सुधारों के उद्देश्य से विधायी कार्यों के आदान-प्रदान और संसदीय प्रक्रिया के अध्ययन हेतु किया जा रहा है। दोनों राज्य विधान मंडलों के बीच विभिन्न विषयों पर पारस्परिक समझ और सहयोग को उन्नत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि महाराष्ट्र विधायिका के दो सदन हैं, इसलिए वहां की संसदीय जानकारी लाभकारी है। गौरतलब है कि हाल ही में गुरुग्राम में आयोजित शहरी स्थानीय निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन में भी लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने पर सार्थक संवाद व चर्चा हुई थी। कल्याण के महाराष्ट्र दौरे से दोनों प्रदेशों की विधायी प्रणाली व परंपराओं को समझना है।


**MUNICIPAL COMMITTEE, PUNDRI**
OPP. :- C.I.S.K.M.V. COLLEGE, MAIN ROAD, PUNDRI-136026
E-MAIL:- secretarymcpundri@gmail.com
PHONE-01746-270273

विषयाधीन मामले बारे आपकी सेवा में अवगत करवाया जाता है कि नगर पालिका पूण्डरी द्वारा स्लम एरिया में जन्म रजिस्ट्रेशन के लिए दिनांक 18.07.2025 को वाल्मिकी चौपाल, वार्ड न0 07 में प्रातः 11.00 बजे तथा दिनांक 24.07.2025 को महौल्ला खटीकान, वार्ड न0 06 में कैम्प लगाया जाएगा।

हस्ता/-सचिव,
नगर मालिका पूण्डरी।


## 1000 करोड़ के बजट वाली अदिति योजना मंत्रालय की महत्वपूर्ण पहल, पानीपत से शुभारंभ : मनोहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत



केंद्रीय ऊर्जा और आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने आज मंगलवार को आर्य पीजी कालेज सभागार में एडीईटीआईई (अदिति) योजना का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ किया। केंद्रीय मंत्री ने योजना का शुभारंभ करते हुए उपस्थित उद्यमियों, एमएसएमई प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 1000 करोड़ के बजटीय प्रावधान वाली यह योजना विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार की पहल है, जिसे ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) द्वारा लागू किया जा रहा है। यह योजना व्यापक वित्तीय एवं तकनीकी सहायता के माध्यम से एमएसएमई को ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं हेतु प्रोत्साहित करेगी। योजना के अंतर्गत ऋणों पर ब्याज सहायता, निवेश ग्रेड ऊर्जा ऑडिट विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, और कार्यान्वयन के बाद निगरानी व सत्यापन (एम एण्ड वी) जैसे चरणबद्ध सहयोग शामिल हैं। इस मौके पर लघु फिल्म के माध्यम से भी उपस्थित प्रतिनिधियों को योजना से जुड़ी जानकारियां बताई

**संभावना**

### 30-50 प्रतिशत तक ऊर्जा की बचत होगी

मनोहर लाल ने कहा कि अदिति योजना के अंतर्गत प्रस्तावित तकनीकों से एमएसएमइएस में 30 - 50 प्रतिशत तक ऊर्जा की बचत संभव है, जिससे पॉवर-टू-प्रोडक्ट अनुपात में सुधार होगा और ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर्स के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। अदीति योजना भारतीय उद्योगों, विशेष रूप से एमएसएमएस को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सक्षम बनाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी पहल है।

### बिजली निगम में खाली 18719 पदों को नहीं भर रही सरकार : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि प्रदेश सरकार का हरेक विभाग कर्मचारियों की किल्लत से जूझ रहा है। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में कुल 40294 पद स्वीकृत हैं। इनमें से केवल 21575 कर्मचारी कार्यरत है और 18719 पद खाली पड़े हैं। सरकार इन खाली पदों को नहीं भर रही। राज्य की बिजली वितरण व्यवस्था लगभग आधे मानव संसाधनों के सहारे चल रही है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि यही हाल शिक्षा, पुलिस, पर्यटन, सिंचाई, समेत तमाम विभागों का है।


**पूर्व रेलवे**

**एसएलआर की पार्सल जगह को लीज पर देने के लिए ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ मंजिल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा दो वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 10 यात्रीवाही ट्रेनों के 11 अदद एसएलआर कम्पार्टमेंट की पार्सल जगह की लीजिंग के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट के ई-ऑक्शन मॉड्यूल के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न अहस्तांतरणीय नीलामी सूची **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। वर्तमान ई-नीलामी के लिए बोली **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से जमा की जाएगी। ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों को क्लास-III का डिजिटल हस्ताक्षर लेने की भी आवश्यकता पड़ेगी। **ऑक्शन कैटलॉग नं.:** पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-25-7डी, **कम्पार्टमेंट :** 10 यात्रीवाही ट्रेनों के 11 अदद एसएलआर कम्पार्टमेंट। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय :** दिनांक 24.07.2025 को 13.00 बजे।

HWH-190/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## सागर प्रीत हुड्डा चंडीगढ़ के डीजीपी नियुक्त

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी सागर प्रीत हुड्डा को मंगलवार को केंद्र शासित क्षेत्र चंडीगढ़ का पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर के 1997 बैच के अधिकारी हुड्डा का दिल्ली से चंडीगढ़ स्थानांतरण कर दिया गया है और वह तत्काल प्रभाव से डीजीपी का पदभार ग्रहण करेंगे। आदेश में कहा गया है, सक्षम प्राधिकारी ने डॉ. सागर प्रीत हुड्डा, आईपीएस (एजीएमयूटी: 1997) को दिल्ली से चंडीगढ़ स्थानांतरित करने और अगले आदेश तक चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक के रूप में उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। हुड्डा जनवरी 2024 से दिल्ली पुलिस के खुफिया विभाग के विशेष आयुक्त के रूप में कार्यरत थे। इससे पहले, उन्होंने जनवरी 2022 से जनवरी 2024 तक विशेष आयुक्त (कानून और व्यवस्था) का प्रभार संभाला था। हुड्डा ने फरवरी 2021 और फरवरी 2022 के बीच दिल्ली में संयुक्त पुलिस आयुक्त के रूप में भी कार्य किया।

## दुष्कर्म का मामला दोबारा खुला सोलन अदालत ने दी मंजूरी

**चंडीगढ़।** आखिरकार एक बार फिर से भाजपा के वरिष्ठ नेता और लोकगायक की मुश्किलें बढ़ती दिखाई देने लगी हैं। उनके विरुद्ध हिमाचल, सोलन में कथित दुष्कर्म केस को दोबारा खोले जाने के आदेश एक याचिका पर सुनवाई करने के बाद में सोलन अदालत ने जारी कर दिए हैं। देखना होगा कि उक्त मामला आगे कौन सी दिशा में जाएगा, यह कसौली की अदालत में निर्धारित होगा।

सोलन जिला एवं सत्र न्यायालय ने पीड़ित महिला को राहत देते हुए, उन्हें 30 जुलाई को कसौली कोर्ट में पक्ष रखने की अनुमति प्रदान कर दी है। बता दें कि पूर्व में कसौली की एक निचली अदालत ने मामले में क्लोजर रिपोर्ट को लेकर केस बंद करने की अनुमति दी थी।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | बोहर, रोहतक में स्टेडियम का विकास (पुनः आमंत्रण)। | 14.07.2025 28.07.2025 | रु. 975.00 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | रोहतक शहर में पुल को चौड़ा करने के लिए जस्सा ड्रेन के ऊपर डीआई पाइप लाइन के प्रावधान और शिफ्टिंग हेतु आकलन। | 14.07.2025 21.07.2025 | रु. 30.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36609/I/88/6 दि. 15.07.25



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | लीजेंड हाईट कमर्शियल कॉम्पलैक्स, सेक्टर-80, मानेसर में 2 अदद एलीवेटर्स का आधुनिकीकरण और व्यापक रखरखाव। | 17.07.2025 28.07.2025 | 73.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9910728120 ia.manesar@hsiidc.org.in |
| 2 | एचएसआईआईडीसी | सेक्टर-06 और 07, एचएसआईआईडीसी आईएमटी मानेसर में विभिन्न स्थानों पर रोड की मरम्मत (पैच वर्क्स)। | 17.07.2025 24.07.2025 | 10.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9910728120 ia.manesar@hsiidc.org.in |
| 3 | एचएसआईआईडीसी | सेक्टर-29 (II) एचएसवीपी, पानीपत में 10 वर्ष के प्रचालन और रखरखाव तथा डीएलपी सहित एक्सटेंडेड एरेशन टेक्नोलॉजी पर आधारित सभी प्रकार से पूर्ण एक्टीवेटेड कार्बन फिल्टर और 63 एमएलडी रैपिड सैंड फिल्टर, 63 एमएलडी एमपीएस सहित 21 एमएलडी क्षमता के सीईटीपी के संवर्धन हेतु प्लानिंग, डिजाइन, इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, निर्माण, स्थापना, परीक्षण, प्रचालन और 3 माह का ट्रायल रन। | 15.07.2025 05.08.2025 | 18187 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8558829530 ia.panipat@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/36607/I/88/6 दि. 15.07.25



**डिमांड नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 (उक्त नियमों) के नियम 3 (1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (उक्त एक्ट) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, आईआईएफएल होम फाइनैंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किये, जिनमें उनको जारी किये गये सम्बन्धित डिमांड नोटिस(ों) में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कर्जदार(ों) का आह्वान किया गया। उपरोक्त के सम्बन्ध में, डिमांड नोटिस की तिथि(यों) से भुगतान की तिथि तक आगे के ब्याज सहित यहां नीचे इंगित राशियों का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के अंदर करने के लिये कर्जदार(ों) को एक बार फिर एतद द्वारा सूचना दी जाती है। कर्जदार(ों) का विवरण, **डिमांड नोटिस की तिथि** के अनुसार देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के तहत प्रस्तावित प्रतिभूति निम्नानुसार हैं :-

| कर्जदार(ों)/गारंटर(ों) और कानूनी वारिसों के नाम | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्री दीपक बक्शी, जय बद्रीविशाल टूर एंड ट्रैवल्स, जन्नत एंटरप्राइजेज, श्रीमती शैफाली बक्शी, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10605761) | 11/06/2025 एवं रु. 2936151/- (रुपये उनतीस लाख छत्तीस हजार एक सौ इक्यावन केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : खेवट नं. 89//88, खतौनी नं. 105 से 110, खसरा नं. 165, 192, 194, 193, 195, 233, 234 में निहित प्लॉट नं. 15, प्रोपर्टी आईडी 236C949U487 बी मौजा गोबिन्दपुरा, गोगुमा त्यागी गार्डन निकट बालाजी प्रोपर्टी डीलर, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा, भारत-135003. क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 720.00, 1288.00, 1094.80 |
| श्री वकील कुमार, श्री जगदीश, श्रीमती रोशनी, श्रीमती सरस्वती, जगदीश गमला स्टॉक, सरस्वती स्वीट्स कैटरिंग सर्विस (प्रोस्पेक्ट नं. 10473717) | 27/06/2025 एवं रु. 682684/- (रुपये छह लाख बयासी हजार छह सौ चौरासी केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : खेवट नं. 776, खतौनी नं. 878, गांव धोत्तड़, तहसील रानियां, जिला सिरसा, हरियाणा-125076, भारत में निहित प्लॉट। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 648.00, 580.00, 464.00. |
| श्री जयपाल, श्री कृष्ण, श्रीमती बबीता देवी, जयपाल मिल्क डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10534610) | 28/06/2025 एवं रु. 873325/- (रुपये आठ लाख तिहत्तर हजार तीन सौ पच्चीस केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : खेवट नं. 517, खाता नं. 638, गांव दाहोला, तहसील अलेवा, जिला जीन्द, हरियाणा, भारत-126102 में निहित सम्पत्ति, 5117. क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1796.00, 1682.00,1345.00. |
| श्री सुखमंदर सिंह, श्रीमती गुरजीत कौर, गुरजीत कौर मिल्क डेयरी, सुखमंदर सिंह एग्री लैंड एंड ट्रैक्टर सर्विस, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10828970) | 27/06/2025 एवं रु. 687952/- (रुपये छह लाख सतासी हजार नौ सौ बावन केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव बिरूवाला गुढा, तहसील कालांवाली, जिला सिरसा, हरियाणा, भारत-125078 में स्थित खेवट/खाता नं. 423/612 किते 2 में निहित सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 13612.00, 1773.00,1418.00. |
| श्रीमती माम कौर, राम करण डेयरी फार्म (प्रोस्पेक्ट नं. IL10340225) | 27/06/2025 एवं रु. 409267/- (रुपये चार लाख नौ हजार दो सौ सड़सठ केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव टपरियों, तहसील इन्द्री, टपरियों, टपरियों, इन्द्री, निकट पंचायत घर, करनाल, हरियाणा, भारत-132041, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1944.00, 1934.00. |
| श्री दीपक कुमार, श्रीमती रजनी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10740430) | 13/06/2025 एवं रु. 1684452/- (रुपये सौलह लाख चौरासी हजार चार सौ बावन केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : प्रोपर्टी आईडी नं. 1KCMHFV0, प्रोपर्टी नं. 1001A, मौजा ममिदी, रणजीत कॉलोनी, कैम्प निकट स्वामी विवेकानंद स्कूल, जगाधरी, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा-135001. क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_AreaE Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 864.00, 777.60, 661.00 |

यदि उक्त कर्जदार उपरोक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू योग्य नियमों के तहत पूर्णतया कर्जदारों के जोखिम, लागत और परिणामों पर उपरोक्त प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है। अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से **शाखा कार्यालय : 1176/3, प्रथम तल, नवल सिनेमा के सामने, जी.टी. रोड, पानीपत**-132103 अथवा **कॉर्पोरेट कार्यालय :** आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

**स्थान : हरियाणा दिनांक : 16.07.2025** — **हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.**



## 42 कर्मियों और अधिकारियों को चार्जशीट करने पर बोले मंत्री रणबीर गंगवा

# दोनों विभागों पर नजरें, किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार सहन नहीं होगा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोकनिर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश सरकार जीरो टोरलेंस की नीति पर काम कर रही है, किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार सहन नहीं किया जाएगा। गंगवा मंगलवार को सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से रुबरू हुए थे। उन्होंने कहा कि हमारा प्राथमिक उद्देश्य यही है कि जनता को क्वालिटी के साथ मूलभूत सुविधायें मिलें। रोहतक में जनस्वास्थ्य विभाग से जुड़े जिन 42 कर्मचारियों एवं अधिकारियों को चार्जशीट किया गया है, वहां सिविल कार्यों को करवाने में अनियमितताएं बरती गयी थी। दोनों विभागों पर उनकी नजर है, अधिकारी आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर तय समय पर हल करें, इस बारे भी निर्देश दिए जा चुके हैं। हरियाणा में बारिश के पानी की निकासी के व्यवस्था के बारे में पूछे गए सवाल पर बोलते हुए कैबिनेट मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि इसे लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, अतिरिक्त पंप सैट भी लगाए गए हैं। साथ ही विभाग के अधिकारियों को कहा गया है कि इस संबंध में आमजन की शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाए। भिवानी में हाल ही में मनाये गए महाराजा गुरु दक्ष प्रजापति जयंती समारोह के बारे में रणबीर गंगवा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रजापति समाज के लिए बहुत घोषणाएं की हैं। जल्द ही हरियाणा मिट्टी कलां बोर्ड के चेयरमैन की नियुक्ति तो होगी ही साथ ही रोजगार के लिए भी 15 दिनों में 2 हजार गांवों में पंचायती जमीन उपलब्ध करवाने की घोषणा भी की गई है।

### सड़कों की मरम्मत का काम पूरा



कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि पीडब्लयूडी विभाग के अंतर्गत 30664 किलोमीटर की सड़कें आती हैं। 15 जून तक का टारगेट लेकर प्रदेश की सभी सड़कों के गड्ढे भरे गए हैं। इनमें 14 हजार किलोमीटर की सड़कें डीएलपी पीरियड के अंदर थी, उनका पेचवर्क इत्यादि करवाया गया है। इस मामले में भी जिस एजेंसी की लापरवाही सामने आई, उनके खिलाफ एक्शन लेते हुए ब्लैकलिस्ट किया गया है। इसके अलावा 5 हजार किलोमीटर में कुछ सड़कें ऐसी भी थी, जो ज्यादा खराब थी। उन पर पेचवर्क नहीं हो सकता था। ऐसे में उन्हें नया बनाने के लिए आगामी प्रक्रिया की जा रही है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

संख्या:- एस.डब्लू/सिग/अंबाला/एन.आई.टी.-05/2025-26 — दिनांक :14.07.2025

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि समय | अनुमानित लागत रूपये | धरोहर राशि रुपये | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओटी-12/ 2025-26 | 1. प्रोविजन ऑफ सर्विलांस सिस्टम इन डी.आर.एम. ऑफिस अंबाला टू इम्प्रूव सिक्युरिटी । 2. एक्सपेंशन ऑफ सी.सी.टी.वी सर्विलांस नेटवर्क इन रेलवे हॉस्पिटल अंबाला कैंट 3. प्रोविजन ऑफ सी.सी.टी.वी सर्विलांस सिस्टम एट आर. पी.एफ. पोस्ट्स/आउट पोस्ट्स हैविंग कवरैज ओवर स्पेस प्रवाइडिड फॉर कीपिंग एक्यूज्ड एण्ड इंटेरोगेशन परपोज. | 11.08.2025 at 15:00 hrs. | Rs. 13787042.88/- | Rs. 218900/- | 180 दिन |

नोटः- वरि. मंडल सिग. एवं टेली. इंजी./उ.रे., डी.आर.एम. ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारो से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दशार्थी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारो के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करे। 1. टैन्डर डाकूमेंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर लाग ऑन करें । 2. निविदाकारो को ई-टेण्डरिग मे भाग लेने के लिए उनके पास क्लास III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हे उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारो से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ ले।

**2130/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**विज्ञापन सं. 7 से 16/2025** — **प्रकाशन की तिथि : 15.07.2025**

आयोग एफएसएल, मधुबन, करनाल, हरियाणा सहायक निदेशक और वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारियों (ग्रुप-ए और बी) के पदों हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

पदों का श्रेणी वार ब्रेक-अप निम्नानुसार है :-

| क्र. सं. | विज्ञा. सं. | पदों का नाम | सामान्य/ यूआर | एससी | | पिछड़ी श्रेणियां | | ईडब्ल्यूएस | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ओएससी | डीएससी | बीसीए | बीसीबी | | |
| 1. | 7/2025 | सहायक निदेशक (डीएनए) | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| 2. | 8/2025 | सहायक निदेशक (लाइ-डिटेक्शन) | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| 3. | 9/2025 | सहायक निदेशक (साइबर फोरेंसिक) | 05 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 06 |
| 4. | 10/2025 | सहायक निदेशक (टॉक्सीकॉलोजी) | 02 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 02 |
| 5. | 11/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (साइबर फोरेंसिक) | 10 | 02 | 02 | 02 | 01 | 01 | 18 |
| 6. | 12/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (सीन ऑफ क्राइम) | 03 | 01 | 0 | 01 | 0 | 01 | 06 |
| 7. | 13/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (दस्तावेज) | 0 | 01 | 0 | 01 | 0 | 01 | 03 |
| 8. | 14/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (भौतिकी) | 02 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 02 |
| 9. | 15/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (टॉक्सीकॉलोजी) | 03 | 01 | 01 | 01 | 0 | 01 | 07 |
| 10. | 16/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (एनडीपीएस) | 0 | 0 | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| | | कुल | 27 | 05 | 05 | 05 | 01 | 04 | 47 |

ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 21.07.2025
बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि : 10.08.2025 अप. 05:00 बजे तक
सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 10.08.2025 अप. 05:00 बजे तक
अधिक जानकारी के लिये http://hpsc.gov.in पर लॉग ऑन करें।

दिनांक : 15.07.2025 — हस्ता/- सचिव
संवाद-1156/13/336/2026/36635/88/6 दि. 15.07.25 — हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

# रैंप हटवाने के लिए प्रतिनिधिमंडल डीसी से मिला, सप्ताह में हल निकालने का भरोसा

## सप्ताह बाद फिर महापंचायत करेंगे, नहीं हटाने पर खुद तोड़ने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राजस्थान सीमा के पास धारूहेड़ा के सोहना रोड पर बने रैंप को हटवाने की मांग को लेकर राजस्थान का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को डीसी अभिषेक मीणा से मिला। रैंप हटवाने की मांग को लेकर प्रदेश सरकार के नाम का ज्ञापन भी डीसी को दिया गया।

डीसी ने समस्या का समाधान करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अगर एक सप्ताह बाद भी रैंप नहीं हटवाया गया, तो महापंचायत करने के बाद रैंप को तोड़ दिया जाएगा। राजस्थान के सीमावर्ती गांवों से आए प्रतिनिधिमंडल ने डीसी से सभागार में काफी समय तक चर्चा करते हुए अपनी बात रखी।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने कहा कि भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र से बरसात का पानी धारूहेड़ा की ओर आता है। पानी का बहाव प्राकृतिक है, जो दशकों से चला आ रहा है। पहले भिवाड़ी से केमिकलयुक्त पानी छोड़ा जाता था, परंतु अब सिर्फ बरसात का पानी आता है। इस पानी को दो साल पहले अवैध रैंप बनाकर रोक दिया गया है। रैंप बनाए जाने के बाद पलवल नेशनल हाइवे लगभग दो साल से बंद पड़ा है। रैंप के पास एकत्रित पानी से राजस्थान की सीमा के गांवों व कॉलोनियों के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पानी के प्राकृतिक बहाव को रोकना पूरी तरह अनुचित है। रेवाड़ी प्रशासन को चाहिए कि धारूहेड़ा में पानी निकासी के नालों से अतिक्रमण हटवाए। पानी का बहाव रोकने की बजाय इसे साबी नदी में डालने की व्यवस्था करे। डीसी अभिषेक मीणा ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों की बात को गंभीरता से सुनकर एक सप्ताह तक समस्या का हल निकालने का आश्वासन दिया।

### रेवाड़ी प्रशासन के बातचीत सकारात्मक रही: प्रतिनिधिमंडल



रेवाड़ी। भिवाड़ी राजस्थान के प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक करते डीसी अभिषेक मीणा। *फोटो: हरिभूमि*

प्रतिनिधिमंडल ने बाद में मीडिया से बातचीत में कहा कि उनकी रेवाड़ी प्रशासन के बातचीत सकारात्मक रही है। डीसी व एसडीएम ने उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए एक सप्ताह में समाधान का आश्वासन दिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर एक सप्ताह में भी समाधान नहीं हुआ, तो एक बार फिर राजस्थान के सीमावर्ती गांवों के सर्वसमाज की महापंचायत बुलाई जाएगी। इसके बाद अवैध रैंप को तोड़ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नेशनल हाइवे पर रैंप बनाना पूरी तरह से नियमों के विरुद्ध है। प्रशासन को खुद ही रैंप हटवाना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो रैंप को हाल में हटा दिया जाएगा।

### बाबा बालकनाथ का संदेश प्रसारित



रैंप को लेकर चल रहे विवाद के बीच मंगलवार को बाबा बालकनाथ का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें बाबा बालकनाथ का कहना है कि राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने के बाद दूषित पानी छोड़ना बंद कर दिया गया है। राजस्थान सरकार को बूस्टिंग स्टेशन का प्रस्ताव भेजा हुआ है, ताकि इससे बरसाती पानी को नालों में डाला जा सके। उन्होंने रेवाड़ी प्रशासन को नसीहत दी है कि रैंप की बजाय नालों से अतिक्रमण हटाकर पानी के प्राकृतिक बहाव को खोला जाए, ताकि यह साबी नदी में जा सके।

### दूषित पानी नहीं किया जाएगा बर्दाश्त



मंगलवार को अपने रामपुरा निवास पर पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने दोहराया कि भिवाड़ी से आने वाले दूषित पानी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। धारूहेड़ा क्षेत्र के लोग वर्षों से दूषित पानी की समस्या का सामना करते आ रहे हैं। रैंप बनाने के बाद उन्हें काफी राहत मिली है। अगर रैंप हटाया जाता है, तो यह समस्या एक बार फिर से खड़ी हो सकती है। दोनों राज्यों की सरकारें समस्या का स्थाई हल निकालने की दिशा में प्रयास कर रही हैं।

**बावल की घटना: सीसीटीवी कैमरे में कैद वारदात**

# बैंक परिसर से दिनदहाड़े उड़ाए 10.70 लाख

■ आरोपियों की पहचान कराने के प्रयास शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

बावल की एसबीआई शाखा से दो युवक दिनदहाड़े कैश से भरा बैग लेकर फरार हो गए। बैंक में पेट्रोल पंप का 10.70 लाख रुपये कैश था। कैश चोरी होने के बाद बैंक में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद बावल थाना पुलिस व सीआईए की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से आरोपियों की पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए। भाड़ावास निवासी अश्वनी यादव का जयसिंहपुर खेड़ा बैरियर के पास पेट्रोल पंप है। पंप का कैश जमा कराने के लिए एक वैन हायर की हुई है। इस वैन से अन्य पंपों का कैश भी बैंक में जमा कराया जाता है। मंगलवार दोपहर अश्वनी के पेट्रोल पंप से 10.70 लाख रुपये कैश बैग में डालकर वैन बैंक शाखा आई थी। वैन में चालक के साथ-साथ गनमैन व पेट्रोल पंप मैनेजर विजय आए थे। इस पंप के साथ-साथ एक और पंप का कैश से भरा बैग भी उनके पास था। विजय कुमार कैश जमा कराने के लिए बैग को साइड में रखकर खड़ा हो गया, जबकि उसका साथी बाहर चला गया। इसी दौरान बैंक में आए दो युवकों में से एक कैश से भरा बैग लेकर फरार हो गया। इसी दौरान कैश लेकर आए युवक ने शोर मचा दिया। बैंक में मौजूद लोगों ने आरोपियों का पीछा करने का प्रयास किया, परंतु तब तक वह फरार हो चुके थे। आरंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए तीन युवक आए थे, जिनमें एक बैंक के बाहर खड़ा था। बाद में तीनों कैश लेकर फरार हो गए।



रेवाड़ी। एसबीआई बैंक में पुलिस को बैग का नमूना दिखाते हुए।



रेवाड़ी। एसबीआई बैंक से निकलते युवक सीसीटीवी में कैद।

### सीसीटीवी फुटेज में साफ नजर आ रहे

बैंक में दिनदहाड़े चोरी की वारदात की सूचना मिलने के बाद बावल थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। डीएसपी बावल सुरेंद्र श्योराण भी मौके पर पहुंच गए। धारूहेड़ा सीआईए बैंक शाखा पहुंच गई। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में बैंक में दो युवक प्रवेश करते नजर आ रहे हैं, जिनमें से एक बैग लेकर फरार होता दिखाई दे रहा है। पुलिस ने नाकेबंदी करते हुए चोरों का पता लगाने के प्रयास किए, परंतु सफलता नहीं मिली। चोरी का केस दर्ज करते हुए पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# तहसीलदार का रीडर 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इसराना

■ घटना के बाद तहसीलदार भी कार्यालय छोड़ कर भागे

इसराना की तहसील कार्यालय में उस समय भगदड़ मच गई जब तहसीलदार का रीडर इंद्रजीत सिंह 25 हजार रुपए एसीबी की टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया गया।

बता दें की गांव माड़ी के नवीन ने अपनी जमीन के तकसीम का मुकदमा इसराना तहसील में कर रखा है। जिसमें तहसीलदार के रीडर इंद्रजीत सिंह ने नवीन से एक लाख रुपए देने के लिए कहा। जिसमें दोनों के बीच 50 हजार रुपए पर सहमति बनी। जिसमें 25 हजार पहले ओर 25 हजार काम होने के बाद देने थे। वहीं नवीन ने इसकी सूचना एसीबी को दी। एसीबी की टीम ने नोटों को सीरियल लगाकर ओर पाउडर लगा कर नवीन को दिये। जिसके बाद नवीन ने तहसील कार्यालय में 25 हजार रुपए इंद्रजीत सिंह को दिये ओर टीम को ईशार कर दिया। ईशारा मिलते ही तुरन्त इंद्रजीत सिंह को पकड़ लिया ओर उसके पास से 25 हजार रुपए पाउडर लगे बरामद हुए। इसके साथ-साथ 20 हजार रुपए अन्य भी बरामद हुए।



इसराना। रीडर इंद्रजीत सिंह को एसीबी की टीम लेकर जाती हुई।

### तहसील कार्यालय में भगदड़

जिसके बाद तहसील कार्यालय इसराना में भगदड़ मच गई। तहसीलदार भी कार्यालय छोड़ कर चले गए। वहीं इस बारे में नवीन मांड़ी का कहना है कि खेत के तकसीम का केस काफी समय से अटक पड़ा था। बार-बार इंद्रजीत सिंह रुपयों की डिमांड कर रहा था। उसने 50 हजार मांगे थे जिसके बाद यह पूरी प्लानिंग कर आज उसे रंगे हाथों पकड़वाया गया।

## दोस्तों ने किया अपहरण युवक को पीट-पीटकर मार डाला, पांच पकड़े



**फरीदाबाद।** सेक्टर-सात-आठ के चौक से 13 जुलाई की रात को दोस्तों द्वारा कार में अगवा कर युवक को ऊंचा गांव ले जाकर बुरी तरह डंडों और पाइप से पीटने की घटना में घायल ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने पांच आरोपियों को दबोच लेने का दावा किया है। रेनू ने थाना सेक्टर-8 पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा आकाश पटेल सेक्टर-छह स्थित एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। वह 12 जुलाई को ड्यूटी गया था। जब वह आधी रात के बाद डेढ़ बजे अपनी ड्यूटी समाप्त करके घर लौट रहा था तो वह सेक्टर-सात-आठ के चौक पर पेड़ों के नीचे खड़ा था। तभी कार में आकाश के साथ पढ़ने वाले दोस्त साहिल, जाहुल खान, आरिफ खान, अल्ताफ, सूरज, विकास, सोहिल आ गए और उन्होंने उससे कार में बैठने के लिए कहा। वह कहने पर कार में बैठ गया।

## बाइक धीरे चलाने की नसीहत देने वाले बुजुर्ग की रॉड मारकर की हत्या

**गुरुग्राम।** सेक्टर-9 ए थाना एरिया में बाइक धीरे चलाने की नसीहत देना एक बुजुर्ग को भारी पड़ गया। बाइक सवार युवक ने बुजुर्ग के सिर पर लोहे की रॉड मारकर मौत के घाट उतार दिया। सूचना मिलते ही सेक्टर-9ए थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया। मामले में पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को काबू कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, 29 जून को सेक्टर-9ए थाना पुलिस को सिविल अस्पताल से एक व्यक्ति के सिर पर चोट के कारण अस्पताल में भर्ती होने की सूचना मिली थी। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो पता लगा कि घायल को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया है। घायल अभी बयान देने की हालत में नहीं है। यहां मिले घायल अशोक (67) के बेटे ने पुलिस को शिकायत देकर कहा कि वह अंबेडकर नगर गली नंबर 2 में रहते हैं। 29 जून को पिता खाना खाकर टहलने के लिए गली में निकले थे। युवक बाइक पर तेजी से निकला जिसे उनके पिता ने बाइक धीरे चलाने की नसीहत दी। इसको लेकर उनके पिता और युवक के बीच बहस हो गई थी।

# तीन महाविद्यालयों का नामकरण शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर होगा

■ शिक्षा मंत्री ढांडा ने दी जानकारी

**चंडीगढ़।** प्रदेश सरकार ने शहीदों और आजाद हिन्द फौज के स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में प्रदेश के कॉलेजों का नामकरण करने के निर्णय के तहत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तीन कालेजों के नामकरण को प्रशासनिक मंजूरी दी है। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने बताया कि सरकार ने निर्णय लिया है कि राजकीय महिला महाविद्यालय बवानी खेड़ा का नाम आजाद हिन्द फौज के स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय ठाकुर शम्भु सिंह के नाम पर किया जाएगा। इसी प्रकार , राजकीय महाविद्यालय खरक (भिवानी) का नाम शहीद गजेन्द्र सिंह के नाम पर किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि गत 7 मार्च, 2018 को गजेन्द्र सिंह, सहायक कमांडेंट, 134 बटालियन सीमा सुरक्षा बल में पदस्थ, काकेर जिला (छतीसगढ़) के नातला आरक्षित वन क्षेत्र में मसपुर ग्राम के निकट नक्सलियों से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। 26 जनवरी, 2021 को वीरता मेडल प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त राजकीय महाविद्यालय सांपला (रोहतक) का नाम शहीद राय सिंह के नाम पर रखने की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। शहीद राय सिंह 20 नवम्बर 2016 को राजौरी में शहीद हो गए थे।



## डीआरडीओ और एम्स ने किया कमाल

# मेक-इन-इंडिया: कम लागत से कार्बन फाइबर का बना डाला कृत्रिम पैर

### आत्मनिर्भर भारत पहल के अंतर्गत किया अनावरण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डीआरडीओ की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल) और एम्स बीबीनगर ने पहले मेक-इन-इंडिया लागत प्रभावी उन्नत कार्बन फाइबर कृत्रिम पैर का अनावरण किया है। एम्स बीबीनगर-डीआरडीएल, डीआरडीओ द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित यह अनुकूलित कार्बन फुट प्रोस्थेसिस (एडीआईडीओसी) आत्मनिर्भर भारत पहल के अंतर्गत एक बड़ी सफलता है। इस कार्बन फुट प्रोस्थेसिस का अनावरण डीआरडीएल के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और निदेशक डॉ जीए श्रीनिवास मूर्ति और एम्स बीबीनगर के कार्यकारी निदेशक डॉ अहंतेम सांता सिंह ने किया।



#### 125 किग्रा तक के भार के लिए किया गया बायोमैकेनिकल टेस्ट

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पहले मेक-इन-इंडिया लागत प्रभावी उन्नत कार्बन फाइबर फुट प्रोस्थेसिस (कृत्रिम पैर) का सोमवार को एम्स बीबीनगर, तेलंगाना में अनावरण किया गया। एडीआईडीओसी का पर्याप्त सुरक्षा कारक के साथ 125 किलोग्राम तक भार के लिए बायोमैकेनिकल परीक्षण किया गया है। विभिन्न भार के रोगियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए यह तीन प्रकारों में उपलब्ध है। इस पैर को उच्च-गुणवत्ता और किफायती समाधान प्रदान करने के लक्ष्य के साथ डिजाइन किया गया है ताकि यह जरूरतमंद लोगों को अंतरराष्ट्रीय मॉडलों की तरह आसानी से उपलब्ध हो सके।

#### निम्न आय वर्ग के दिव्यांगों के लिए होगा फायदेमंद

मंत्रालय ने कहा कि इस नवाचार से देश में निम्न आय वर्ग के दिव्यांगों के लिए उच्च-गुणवत्ता वाले कृत्रिम अंगों तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार, आयातित तकनीकों पर निर्भरता में कमी और दिव्यांगजनों के व्यापक सामाजिक एवं आर्थिक समावेशन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

#### दूसरे देशों पर निर्भरता खत्म होगी

*एम्स द्वारा जारी की गई जानकारी के अनुसार यह कार्बन फुट प्रोस्थेसिस भारत में ही बना है, इसलिए हमें दूसरे देशों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इससे देश में ही तकनीक बढ़ेगी। विकलांग लोगों को समाज में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। यह पैर उनके लिए सामाजिक और आर्थिक रूप से मददगार साबित होगा। डीआरडीओ ने कहा यह 'मेक इन इंडिया' का एक अच्छा उदाहरण है।*

#### पहले से 20,000 रु. से कम होगी लागत

अभी मार्केट में जो कृत्रिम पैर आते हैं, उनकी कीमत लगभग दो लाख रुपये के आसपास होती है। लेकिन कार्बन फाइबर फुट प्रोस्थेसिस 20,000 रुपए में भी कम कीमत में मिलेगा। इससे निम्न वर्ग के लोगों को पीड़ित लोगों को लाभ होगा। उम्मीद है कि इससे उत्पादन की लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी और यह लगभग 20,000 रुपए से भी कम हो जाएगी, जबकि वर्तमान में आयातित समान उत्पादों की लागत लगभग दो लाख है।

### धर्मांतरण पर डीजीपी ने रिपोर्ट पेश की

# महाराष्ट्र में बनेगा सबसे सख्त कानून

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र सरकार राज्य विधानमंडल के आगामी शीतकालीन सत्र में धर्मांतरण रोकने के लिए एक सख्त कानून पेश करने की योजना बना रही है। गृह राज्य मंत्री (ग्रामीण) पंकज भोयर ने विधान परिषद में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कानून में अन्य राज्यों के समान कानूनों की तुलना में कड़े प्रावधान होंगे। लागू होने के बाद महाराष्ट्र ऐसा कानून लागू करने वाला भारत का 11वां राज्य बन जाएगा। पंकज भोयर ने सदन को बताया कि पुलिस महानिदेशक के नेतृत्व में एक पैनल का गठन किया गया है जो धर्मांतरण के खिलाफ एक ऐसा कानून तैयार करेगा जो बाकी 10 राज्यों की तुलना में अधिक सख्त होगा। इस मुद्दे पर पुलिस महानिदेशक द्वारा तैयार की गई एक रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है और आगामी (शीतकालीन) सत्र में यह कानून पारित कर दिया जाएगा।राज्य विधानमंडल का शीतकालीन सत्र आमतौर पर दिसंबर में महाराष्ट्र की दूसरी राजधानी नागपुर में आयोजित किया जाता है।



#### धर्मांतरण विरोधी कानून वाले 10 राज्यों की सूची

पहले राजस्थान, उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड और उत्तराखंड में धर्मांतरण विरोधी कानून लागू हो चुका है।

# जयशंकर के चीन दौरे पर कांग्रेस ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** मोदी सरकार में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के चीन दौरे और राष्ट्रपति शी जिनपिंग सहित चीनी नेताओं के साथ ₹शेक हैंडऱ करने पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताते हुए सवाल उठाए हैं। साथ ही पहलगाम आतंकी हमले के 85 दिन बाद भी आतंकियों के गिरफ्तार न होने पर भी मोदी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि संभवतः किसी आतंकी की अब तक शिनाख्त भी नहीं हुई है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म्स विभाग की अध्यक्ष और कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने विदेश मंत्री जयशंकर की चीन यात्रा का जिक्र करते हुए भारतीय सेना के उप प्रमुख लेफ़्टिनेंट जनरल राहुल सिंह के हालिया बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने पाकिस्तान की पीछे से मदद की थी। उन्होंने जयशंकर की राष्ट्रपति जिनपिंग समेत चीन के अन्य नेताओं के साथ तस्वीरें दिखाते हुए पूछा कि उन्हें हमारे दुश्मन की सहायता करने वाले चीन का दौरा करने की क्या जरूरत थी?

**सुप्रिया श्रीनेत बोली 85 दिन बीते अभी तक आतंकी गिरफ्तार नहीं, क्या कर रही सरकार**

उन्होंने जयशंकर के भारत-चीन के द्विपक्षीय संबंध लगातार सुधरने के बयान को भारतीय सेना का मनोबल तोड़ने वाला करार दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार मोदी सरकार को चीन और पाकिस्तान के साथ आने को लेकर आगाह कर रहे थे।

# पैकेटबंद खाद्य पदार्थों में पोषण लेबल जरूरी हो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण को पैक्ड खाद्य पदार्थों पर फ्रंट-ऑफ-पैक न्यूट्रिशन लेबल लागू करने का निर्देश दिया है। शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा, जो संसद की अधीनस्थ विधायी समिति के अध्यक्ष भी हैं, ने यह जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर साझा की। एफएसएसएआई एक स्वायत्त निकाय है, जो सुनिश्चित करता है कि देश में बेचे जाने वाले खाद्य पदार्थ सुरक्षित और स्वस्थ हैं।

फ्रंट-ऑफ-पैक पोषण लेबल, खाद्य पदार्थों के पैकेज के सामने की तरफ दी गई जानकारी है, जो उपभोक्ताओं को यह समझने में मदद करती है कि कोई उत्पाद कितना स्वस्थ है। यह जानकारी अक्सर एक सरल, संक्षिप्त और ग्राफिक प्रारूप में प्रस्तुत की जाती है, जैसे कि रंग-कोडित प्रणाली या प्रतीक।



#### देवड़ा ने ए-टू-डी न्यूट्री-ग्रेड प्रणाली की सिफारीश की

*देवड़ा ने लिखा कि मैंने सिंगापुर की स्पष्ट ए-टू-डी न्यूट्री-ग्रेड प्रणाली का अध्ययन करने की सिफारिश की है। देवड़ा की पोस्ट के अनुसार इस कदम से एफएसएसएआई को बिना किसी देरी के अनुपालन करने और भारतीय उपभोक्ताओं को स्वस्थ विकल्प चुनने के लिए सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। इससे देश में बढ़ते मोटापे के संकट को रोका जा सकेगा। ए-टू-डी न्यूट्री-ग्रेड प्रणाली खाद्य पदार्थों में, एक ग्रेडिंग प्रणाली है जो खाद्य पदार्थों को उनके पोषण मूल्य के आधार पर वर्गीकृत करती है।*

### नोएडा के शख्स को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

# 'सड़क पर नहीं, अपने घर में कुत्तों को खाना खिलाइए'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नोएडा में आवारा कुत्तों को खाना खिलाने से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता को ही फटकार लगा दी। कोर्ट ने शख्स से पूछा कि आप उन्हें अपने घर में क्यों नहीं खिलाते? जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने मामले की सुनवाई की। बेंच ने कहा कि क्या हम हर गली और सड़क को इन पशु प्रेमियों के लिए छोड़ दें? हर जगह जानवरों के लिए जगह है, इंसानों के लिए नहीं? कोई आपको रोक तो नहीं रहा है, आप चाहें तो उन्हें अपने घर में खिलाएं। याचिका उस आदेश से जुड़ी थी जो मार्च 2025 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने दिया था। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्हें जानवरों को खाना खिलाने में परेशान किया जा रहा है, जबकि वे पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023 के तहत काम कर रहे हैं।

**हर जगह जानवरों के लिए जगह है, इंसानों के लिए नहीं। इनसे इतना प्रेम है तो अपने घर में ही शेल्टर खोल लीजिए।**




#### वकील की दलील

वकील ने दलील दी कि नियम 20 के मुताबिक, स्थानीय निकाय या रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को ऐसे जानवरों के लिए खाना खिलाने की व्यवस्था करनी चाहिए। कोर्ट ने फिर सुझाव दिया, 'आप अपने घर में एक शेल्टर खोल लीजिए और सभी कुत्तों को वहीं खाना खिलाइए। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में तो ऐसी जगहें बनाई जा रही हैं, लेकिन नोएडा में नहीं। उन्होंने सुझाव दिया कि ऐसी जगहों को लोगों की आवाजाही से दूर रखा जाए। इस पर कोर्ट ने कहा, 'सुबह साइकिल चलाकर देखिए क्या होता है। जब वकील ने कहा कि वो सुबह टहलने जाते हैं और कई कुत्ते देखते हैं, तो कोर्ट ने कहा, 'सुबह टहलने वाले भी खतरे में रहते हैं। साइकिल और टू-व्हीलर वालों को ज्यादा खतरा है।

### शुक्लाजी की जगह दलित ओबीसी को भेजना था



**नई दिल्ली।** एक्सिओम-4 मिशन को पूरा करके अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से वापस लौट रहे भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को लेकर कांग्रेस नेता उदित राज ने बेतुका बयान किया। कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि पहले राकेश शर्मा अंतरिक्ष में गए थे, तब एससी-एसटी और ओबीबी इतने पढ़े लिखे नहीं थे।



# पीएम मोदी कार्टून : मालवीय की गिरफ्तारी पर रोक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और आरएसएस कार्यकर्ताओं के कथित आपत्तिजनक कार्टून सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोपी एक कार्टूनिस्ट के माफीनामे के बाद, गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने सोशल मीडिया पर बढ़ती आपत्तिजनक पोस्ट पर भी चिंता व्यक्त की। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ ने कहा, 'लोग किसी को भी, कुछ भी कह देते हैं। हमें इस बारे में कुछ करना होगा।' इस बीच, पीठ ने कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय को मध्य प्रदेश में दर्ज प्राथमिकी के मद्देनजर राज्य की दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान किया। मालवीय की वकील वृंदा ग्रोवर ने आश्वासन दिया कि इस मामले में माफी मांग ली गई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने एएमयू को 11 विदेशी मेडिकल स्नातकों को वजीफा जारी करने का आदेश दिया

नई दिल्ली (भाषा)। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) को निर्देश दिया कि वह विश्वविद्यालय की घटक इकाई जेएन मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप के लिए 11 विदेशी मेडिकल स्नातकों को दो सप्ताह के भीतर वजीफा जारी करे। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने एएमयू को अपने कोष से धनराशि जारी करने को कहा। शीर्ष अदालत ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से कहा कि वह इस तथ्य के आधार पर एएमयू के खिलाफ कोई कदम न उठाए कि उससे कोई पूर्व मंजूरी नहीं मांगी गई थी। जबीहुल्लाह सहित 11 स्नातकों ने याचिका दायर कर केवल भारतीय चिकित्सा स्नातकों को वजीफा देने की "भेदभावपूर्ण" प्रथा पर प्रकाश डाला।

## गोल्डन टेंपल को फिर बम से उड़ाने की धमकी, 24 घंटे में दूसरा ई मेल

अमृतसर। पंजाब में गोल्डन टेंपल को लगातार दूसरे दिन बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ये धमकी ई-मेल पर मिली है। आरोपी ने दावा किया है कि पाइपों में आरडीएक्स भर दिया गया है, जिससे गोल्डन टेंपल के अंदर धमाके किए जाएंगे। हालांकि, सुरक्षा कारणों से न तो मेल और ना ही उसमें लिखे गए शब्दों को सार्वजनिक किया गया है। जांच के लिए डॉग और बम स्क्वायड पहुंचा। वहीं, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और अमृतसर पुलिस भी अलर्ट हो गई है। बीएसएफ और पुलिस कमांडो तैनात किए गए हैं। हर आने-जाने वाले पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

## जम्मू कश्मीर के डोडा में वाहन खाई में गिरने से पांच की मौत

जम्मू (भाषा)। जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को एक यात्री वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि वाहन में उसकी क्षमता से अधिक लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना डोडा शहर से करीब 30 किलोमीटर दूर पोंडा के पास डोडा-भर्थ मार्ग पर हुई। अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे 'टेंपो ट्रैवलर' के चालक ने डोडा-भर्थ मार्ग के एक मोड़ पर वाहन पर से नियंत्रण खो दिया।

## दिग्गज अभिनेता-निर्माता धीरज कुमार का निधन

मुंबई (भाषा)। मनोज कुमार की फिल्म 'रोटी कपड़ा और मकान' में अभिनय करने और हिट टेलीविजन शो 'ओम नमः शिवाय' और 'अदालत' के निर्माण के लिए पहचाने जाने वाले दिग्गज अभिनेता-निर्माता धीरज कुमार



का यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके एक पारिवारिक मित्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वह 79 वर्ष के थे। कुमार निमोनिया से गंभीर रूप से पीड़ित थे और उन्हें कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल की गहन चिकित्सा यूनिट में भर्ती कराया गया था। कुमार के करीबी सहयोगी और पारिवारिक मित्र अजय शुक्ला ने को बताया, सुबह 11 बजे कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में निमोनिया के कारण उनका निधन हो गया।

## कार्यालय नगरपालिका बरवाला (हिसार)

(निविदा सूचना)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका बरवाला की शेष कृषि योग्य भूमि को वर्ष सत्र 2025-26 के लिए पट्टे पर दिया जाना है। इसकी बोली दिनांक 21.07.2025 को प्रातः 10:00 बजे किसान विश्राम गृह बरवाला में होगी। इच्छुक व्यक्ति धरोहर राशि 20,000/- रूपये व आधार कार्ड की प्रति जमा करवाकर बोली में भाग ले सकता है। बोली की नियम व शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी। बोली रद्द करने का अधिकार नगरपालिका सचिव / प्रधान के पास रहेगा।

**सचिव, नगरपालिका, बरवाला।**

संवाद 1078/11/757/2026/36621/C/88/6 दि. 15.07.2025

## नगर पालिका, उचाना (जींद)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका उचाना द्वारा अगले 05 वर्षों के लिए नगर पालिका उचाना के क्षेत्र में पड़ने वाले सभी घरों से निकलने वाले गीले व सुखे कचरे को एकत्रित करने का टैंडर लगाया हुआ है। इस कचरे को किसी एक जगह पर डालने व उसका निपटान करने के लिए नगर पालिका उचाना को लगभग 2 एकड़ भूमि की आवश्यकता है, जो नगर पालिका उचाना से 2-3 किलोमीटर दूर हो और आस-पास आबादी न हो क्योंकि नगर पालिका उचाना के इस कार्य के लिए अपनी कोई भूमि नही है। अतः आप सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जो भी अपनी लगभग 2 एकड़ जमीन को अगले 10 वर्षों के लिए नगर पालिका उचाना को किराये अथवा लीज पर देने का इच्छुक हो वह नगर पालिका उचाना कार्यालय उचाना कार्यालय में अपना आवेदन दे सकता है और अपनी इच्छा व्यक्त कर सकता है। अतः नियम व शर्तें मौके पर निर्धारित की जाएगी। नगर पालिका उचाना कार्यालय द्वारा इस स्थान को अंतिम / फाईनल सभी बिन्दुओं पर अध्ययन के पश्चात ही निर्धारित किया जाएगा।

**हस्ता/- सचिव, नगर पालिका, उचाना (जींद)**

## कार्यालय, खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, धारूहेड़ा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड धारूहेडा हेतू मनरेगा (सोशल ऑडिट कैलेन्डर अनुसार) करवाने हेतू Block Resource Person की नियुक्ति प्रति कार्यदिवस राशि 750/- रूपये के मानदेय के आधार पर की जानी है। प्रति वर्ष कार्यदिवसों की संख्या का निर्धारण जारी (सोशल ऑडिट कैलेन्डर अनुसार) होगा। अभ्यर्थी स्नातक हो, कंप्यूटर एम०आई०एस० का ज्ञान सहित Android Mobile प्रयोग में सक्षम हो। पहले कार्यरत बी०आर०पी० सोशल ऑडिट को वरीयता दी जायेगी। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रारूप व शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पट्ट से प्राप्त ही जा सकती है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन खण्ड विकास एव पंचायत अधिकारी, धारूहेडा, कार्यालय मनरेगा शाखा में समस्त जरूरी दस्तावेजों की प्रति सहित दिनांक 16.07.2025 से 20.07.2025 तक सांय 03:00 बजे तक जमा करवाना सुनिश्चित करें।

**नोटः- पद हेतू साक्षात्कार दिनांक 21.07.2025 को कार्यालय उपमण्डल अधिकारी (ना०), रेवाड़ी में होगा।**

**हस्ता/- खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, धारूहेड़ा**

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भारत संघ बनाम गुजरात राज्य एवं अन्य के रूप में विशेष अपील (सी) संख्या 8519/2006 में पारित दिनांक 29-09-2009 के आदेश के तहत निर्देश दिया कि उस तिथि के बाद सार्वजनिक सड़कों, सार्वजनिक पाकों या सार्वजनिक स्थानों आदि पर मन्दिर, चर्च, मस्जिद या गुरुद्वारा आदि के नाम पर कोई अनाधिकृत निर्माण नहीं किया जाएगा या अनुमति नहीं दी जाएगी और प्रारंभिक रूप से रिपोर्ट मांगने और कार्यान्वयन की निगरानी के बाद दिनांक 31-01-2018 के आदेश के तहत मामलों को प्रभावी तरीके से अपने आदेशों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित उच्च न्यायालय को भेज दिया है। उच्च आदेशों के पालन में सरकारी भूमि, ग्रीन बेल्ट, सरकारी पार्क, सड़क, फुटपाथ इत्यादि पर बने अवैध धार्मिक संस्थान स्ट्रक्चर, भवन आदि को तुरंत प्रभाव से हटा लें अन्यथा संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा कानूनी कार्रवाई करते हुए उपरोक्त भवनों को तोड़-फोड़ कर हटा दिया जाएगा, जिसमें होने वाले हर्जा खर्चा के लिए उपरोक्त संस्थानों को चलाने वाले अनुयायी स्वयं जिम्मेवार होंगे। इसके अतिरिक्त संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक एवं न्यायालय के आदेश की अवमानना की कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

**No-35198/HRY** — **मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार**

## सैनी एजुकेशन सोसाईटी (रजि.) रोहतक

**स्कूल भवन धवस्त (Demolition) हेतु निविदा सूचना**

सैनी एजुकेशन सोसाईटी (रजि.) रोहतक की गवर्निंग बॉडी की ओर से सोसाईटी प्रधान, इच्छुक एजेंसियों/फर्मो/ठेकेदारों/व्यक्तियों से सैनी सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, महाराजा शूर सैनी खेल परिसर, सैनी स्कूल रोड, रोहतक के पुराने भवन को धवस्त करने के लिए सील बन्द लिफाफे में निविदाएँ आमंत्रित करते है। इसमें उपयोगी एवं अनुपयोगी सामग्री का निपटान, सभी शीशें और मलबे सहित, निर्माण कमेटी के प्रधान के निर्देशानुसार स्थल से सामग्री को हटाना और स्थल की पूरी तरह से सफाई करना शामिल है। **निविदाएँ 31 जुलाई 2025 को दोपहर 02-00 बजे** तक डाक / कोरियर या **By-hand** के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को **रु.1,00,000/- (रुपये एक लाख केवल) की वापसी योग्य धरोहर राशि,** सैनी एजुकेशन सोसाईटी (रजि.) रोहतक के पक्ष में चौक / डिमांड ड्रॉफ्ट के साथ प्राप्त होनी चाहिए। निविदा आमंत्रित करने वाला प्राधिकारी डाक में देरी/मांगे गए दस्तावेजों के खो जाने के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। सोसाईटी की निर्माण कमेटी द्वारा **सील बन्द निविदाएँ दिनांकः 31-07-2025 को दोपहर 03-00 बजे** निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में खोली जाएगी। सफल निविदाकर्ता को अवार्ड लेटर की तिथि से दो महीने के भीतर पुराने स्कूल भवन के धवस्त का कार्य पूरा करना होगा। निविदा प्रपत्र, **रु.1000/- (रुपये एक हजार केवल) की गैर-वापसी योग्य** निविदा शुल्क का भुगतान करने के बाद, सभी कार्यदिवसों में **सुबह 10-00 बजे से दोपहर 02-00 बजे** तक सोसाईटी कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

स्थानः रोहतक। (अवनीश कुमार सैनी)
दिनांकः 16 जुलाई 2025 प्रधान

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 256 दिनांक 09.07.2025 धारा 140 (3) BNS 2023 थाना सांपला रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम- अमजार
पिता/पति- पुत्र मोहम्मद आयुब
पता - निवासी गांव माधोपुर हाल वार्ड न0 4 सांपला रोहतक
उम्र- 10 वर्ष
कद- 3 फुट 6 ईंच ।
हुलिया - रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा।
पहनावा सफेद रंग की टी शर्ट, व निक्कर पहने हुए ।

दिनांक 09.07.25 को अमजार पुत्र मोहम्मद आयुब निवासी गांव माधोपुर हाल वार्ड न0 4 सांपला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना थाना सांपला रोहतक- 8901432412

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 299 दिनांक 14.07.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे –**



नाम - बिजेन्द्र
पिता/पति - पुत्र महेन्द्र सिंह
पता - निवासी करौंथा जिला रोहतक
उम्र- 48 वर्ष
कद- 5 फुट 7 ईंच ।
हुलिया - रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर।
पहनावा सफेद रंग की टी शर्ट, सफेद रंग की लोवर, पहने हुए है।


दिनांक 14.07.25 को बिजेन्द्र पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी करौंथा जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9190456000

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 266 दिनांक 14.07.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सांपला रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - प्रवीन उर्फ लाला
पिता/पति - पुत्र रतिराम
पता - निवासी गांव गढी सांपला रोहतक
उम्र- 49 वर्ष
कद- 5 फुट 6 इंच ।
हुलिया - रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, दाहिने तरफ सिर में चोट का निशान है।
पहनावा सफेद व लाल रंग की टी शर्ट, काले रंग की लोवर, व पैरों में सफेद रंग की हवाई चप्पल पहने हुए ।

दिनांक 14.07.25 को प्रवीन उर्फ लाला पुत्र रतिराम निवासी गांव गढी सांपला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है । यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना थाना सांपला रोहतक- 9190456000

पीआरडीएच-1084/11/3637/2026/36601/88/6 दि. 15.07.2025

## अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (यहां इसके पश्चात "एक्ट") के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल-एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव -122015 (हरियाणा) और शाखा कार्यालय "एससीओ 41पी, सेक्टर-7, मेन मार्केट करनाल-132001" के पास गिरवीकृत अचल सम्पत्ति की बिक्री। चूंकि आईआईएफएल-एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") आईआईएफएल-एचएफएल को देय राशि की उगाही हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है आधार और बिना अवलम्ब आधार" पर इसकी बिक्री के अधिकार सहित निम्नलिखित ऋण अकाउंट्स / प्रोस्पैक्ट नम्बर में अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित सम्पत्ति/यों का कब्जा ले चुके थे, बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध करवाए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों)/ गारंटर(ों) | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति का वर्णन | सांकेतिक कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्री गुरजंट सिंह 2. श्री तरलोचन सिंह 3. श्रीमती गुरप्रीत कौर 4. श्रीमती तरनदीप कौर 5. अरमान टूर एंड ट्रैवल (प्रोस्पेक्ट नं. IL10439692) | 13-फर.-2025 रु. 1166255/- (रुपये ग्यारह लाख छियासठ हजार दो सौ पचपन केवल) **बोली बढ़ौतरी राशि** रु. 40,000/- (रुपये चालीस हजार केवल) | गांव गंजो गढ़ी (लाल डोरा के अंदर) तहसील व जिला करनाल, हरियाणा-132001 में स्थित सम्पत्ति/प्लॉट /मकान यूआईडी नं. 059231N00M4140RR270A वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2520.00, 2024.00, 1720.40 | 07- मई -2025 **कुल बकाया दिनांक 06 जुलाई 2025 के अनुसार** रु. 12,59,456/- (रुपये बारह लाख उनसठ हजार चार सौ छप्पन केवल) | रु. 25,36,000/- (रुपये पच्चीस लाख छत्तीस हजार केवल) **धरोहर राशि जमा (ईएमडी)** रु. 2,53,600/- (रुपये दो लाख तरेपन हजार छह सौ केवल) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी अन्तिम तिथि | ई-नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 18 अगस्त 2025 1100 बजे - 1400 बजे | 20 अगस्त 2025 अप. 5.00 बजे तक | 22 अगस्त 2025 1100 बजे - 1300 बजे |

**भुगतान का मोड** :- ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के तहत किये जाने है। भुगतान करने के लिये आपको https://www.iiflonehome.com पर पधारना होगा और केवल सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा। **टिप्पणी** : प्रत्येक सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें आप सार्वजनिक नीलामी के तहत खरीदने के लिये इच्छुक सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं।
**बकाया भुगतान हेतु – लॉगइन करें** https://www.iiflonehome.com >My Bid >Pay Balance Amount
महत्वपूर्ण जानकारी : यह नीलामी सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (4) द्वारा कब्जा आधार पर प्रकाशित की गई है। भौतिक कब्जा धारा 14 के आदेशों को प्राप्त करने के बाद प्रस्तावित किया जाएगा जो सरफेसी अधिनियम के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार होगा और जैसे और जब भौतिक कब्जा लिया जाएगा। बोलीदाता को नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व दस्तावेजों और कानूनी बाध्यताओं के सम्बन्ध में आवश्यक सम्यक तत्परता दिखानी होगी।

**नियम एवं शर्तें :-**

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिये, इच्छुक बोलीदाताओं को पहले ही सेवाप्रदाता https://www.iiflonehome.com के पास अपने विवरण पंजीकरण करवाना आवश्यक है और लॉगइन अकाउंट, लॉगइन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ऊपर वर्णित शाखा कार्यालय में भुगतान विवरण के तहत ईएमडी, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति सहित अपना "निविदा प्रपत्र" जमा करवाना / भेजना होगा।
2. बोलीदाता कॉलम "बोली बढ़ौतरी राशि" के तहत वर्णित राशि के गुणज में अपने प्रस्ताव सुधारेंगे। यदि बोली नीलामी बंद होने के समय के अन्तिम 5 मिनट में रखी जाती है, बंद होने का समय स्वतः ही 5 मिनट के लिये बढ़ा दिया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि का शेष 75% सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना चाहिए। सभी जमा और भुगतान भुगतान के निर्धारित तरीके में होंगे।
4. खरीदार को उपकर, लागू स्टांप ड्यूटी, शुल्क और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य देय जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और लागत दरों सहित चार्जेज वहन करने होंगे।
5. खरीददार को बिक्री राशि के लेन-देन / भुगतान करने के लिए टीडीएस अप्लीकेशन भुगतान करना होगा और आईआईएफएल एचएफल के पास टीडीएस प्रमाण-पत्र जमा करवाना होगा।
6. **बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिये अपनी बोलियां जमा करवाने से पहले नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन पत्र के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction को पढ़ें।**
7. **विवरण, ई-नीलामी पर मदद प्रक्रिया और ऑनलाइन ट्रेनिंग हेतु संभाव्य बोलीदाता सेवाप्रदाता से सम्पर्क कर सकते हैं ई-मेल आईडी :- care@iiflonehome.com, सपोर्ट हैल्पलाइन नम्बर : @1800 2672 499**
8. **सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली इत्यादि से सम्बन्धित किसी पूछताछ के लिये आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नं. 1800 2672 499 पर 09:30 बजे से 18:00 बजे के बीच सोमवार से शुक्रवार तक कॉल करें अथवा care@iiflonehome.com पर ई-मेल लिखें।**
9. उपरोक्त कर्जदारों को एतद् द्वारा 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय प्रत्याभूत परिसम्पत्ति में रखे गये घरेलू सामानों को एकत्र करने के लिए नोटिस दिया जाता है, अन्यथा आईआईएफएल -एचएफएल परिस्थितियों के तहत संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
10. इसके अलावा कर्जदार/ों को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
11. सफल बोलीदाता / नीलामी खरीदकर्ता द्वारा किसी भी स्तर पर उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) को जब्त कर लिया जाएगा और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
12. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी को स्थगित करने / रद्द करने अथवा नियम एवं शर्तों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद की स्थिति में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत 30 दिन की वैधानिक बिक्री सूचना**

कर्जदारों को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वे निविदा/नीलामी की तारीख से पहले अद्यतन ब्याज और सहायक व्यय के साथ ऊपर वर्णित राशि का भुगतान कर दें, जिसमें विफल रहने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया देय राशि है तो ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।

स्थान : करनाल, दिनांकः 16 जुलाई 2025 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

## Model Economic Township Limited

पंजीकृत कार्यालयः तृतीय तल, 77-बी, इफको रोड़, सैक्टर – 18, गुरूग्राम – 122015, हरियाणा
फोनः 91-124-352-7369 | फैक्सः 91-124-352-7337 | ईमेलः crm.met@ril.com
CIN: U70109HR2006PLC036416

### सार्वजनिक सूचना

**MET City, जिला झज्जर, हरियाणा में रिहायशी एवं औद्योगिक प्लाटों के आवंटन के निरस्तीकरण होने बारे**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम, मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप लिमिटेड, ने निम्नलिखित व्यक्तियों ("पूर्व आवंटी") के पक्ष में मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप ("MET City"), जोकि राज्य राजमार्ग नं. 15-ए, जिला झज्जर, हरियाणा में, कम्पनी द्वारा विकसित की जा रही है, रिहायशी / औद्योगिक प्लाटों के आवंटन हेतु इकरारनामा बैय निष्पादित किए थे जोकि सब-रजिस्ट्रार, तहसील बादली, जिला झज्जर के कार्यालय में पंजीकृत करवाए गए थे :-

| क्रमांक | प्लाट विवरण | पूर्व आवंटी | इकरारनामा बैय निष्पादन तिथि | आवंटन निरस्तीकरण तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | E-275, Street no. Cross-4, Pocket-E, Sector – 8 | नीरज पुत्र गोकल चन्द | 23.02.2024 | 30.05.2025 |
| 2 | E-245, Street no. Cross-4, Pocket-E, Sector – 8 | पवन कुमार पुत्र राजेश कुमार | 27.07.2024 | 30.05.2025 |
| 3 | E-212, Street no. Cross-3, Pocket-E, Sector – 8 | विशाल बालयान पुत्र सुरिन्द्र कुमार | 11.07.2024 | 30.05.2025 |
| 4 | E-210, Street no. Cross-3, Pocket-E, Sector – 8 | स्पर्श गर्ग पुत्र रोशन लाल गर्ग | 01.03.2024 | 30.05.2025 |
| 5 | E-207, Street no. Cross-3, Pocket-E, Sector – 8 | ज्योति पत्नी सतीश कुमार | 09.03.2024 | 30.05.2025 |
| 6 | E-194, Street no. Cross-3, Pocket-E, Sector – 8 | राकेश कुमार पुत्र जय नारायण | 18.04.2024 | 30.05.2025 |
| 7 | E-177, Street no. Cross-3, Pocket-E, Sector – 8 | राजिन्द्र सिहं पुत्र बनवारी लाल | 26.02.2024 | 30.05.2025 |
| 8 | E-82, Street no. Cross-1, Pocket-E, Sector – 8 | सरोज बाला पत्नी महेश गोयल | 19.04.2024 | 30.05.2025 |
| 9 | E-88, Street no. Cross-1, Pocket-E, Sector – 8 | मै0 न्यू दिल्ली फिनसर्व | 27.05.2024 | 30.05.2025 |
| 10 | E-267, Street no. Cross-4, Pocket-E, Sector – 8 | सुमन गर्ग पत्नी रोशन लाल गर्ग | 27.03.2024 | 30.05.2025 |
| 11 | E-1, Street no. Cross-1, Pocket-E, Sector – 8 | दीपक पुत्र रमेश कुमार | 28.08.2024 | 30.05.2025 |
| 12 | A-20, Street No. Cross-1, Pocket-A, Sector – 2A | कृष्ण पुत्र रामअवतार | 17.04.2024 | 30.05.2025 |
| 13 | A-141, Street No. Cross-3, Pocket-A, Sector – 2A | विशाल झा पुत्र चन्द्रभूषण झा | 23.12.2023 | 04.12.2024 |
| 14 | B-75, Street No. Cross-2, Pocket-B, Sector – 2A | बाला जाखड़ पत्नी सोमबीर जाखड़ | 21.11.2023 | 19.09.2024 |
| 15 | B-18, Street No. Cross-1, Pocket-B, Sector – 2A | शशी बाला पत्नी घनश्याम | 26.04.2024 | 30.05.2025 |
| 16 | B-110, Street No. Cross-2, Pocket-B, Sector – 2A | अशोक कुमार पुत्र हरि सिहं | 30.11.2023 | 19.09.2024 |
| 17 | B-186, Street No. Cross-3, Pocket-B, Sector – 2A | करण सिहं पुत्र चन्दगी राम | 01.05.2024 | 04.06.2025 |
| 18 | B-219, Street No. Cross-3, Pocket-B, Sector – 2A | विजय भार्गव पुत्र कैलाश चन्द शर्मा | 01.05.2024 | 30.05.2025 |
| 19 | A-293, Street No. Cross-4, Pocket-A, Sector – 2A | सतीश कुमार पुत्र रणबीर सिहं | 24.11.2023 | 15.07.2024 |
| 20 | A-127, Street No. Cross-2, Pocket-A, Sector – 2A | बाला जाखड़ पत्नी सोमबीर जाखड़ | 22.11.2023 | 05.07.2024 |
| 21 | A-01, Street No. Cross-1, Pocket-A, Sector – 2A | नीरज जाखड़ पुत्र सोमबीर जाखड़ | 24.11.2023 | 15.07.2024 |
| 22 | D-212, Street no. Cross-4, Pocket-D, Sector – 8 | सृष्टि गर्ग पत्नी मनोज कु. गर्ग | 11.01.2023 | 22.08.2024 |
| 23 | C-64, Street no. Main-2, Pocket-C, Sector – 8 | अंकित जाखड़ पुत्र सोमबीर जाखड़ | 09.08.2023 | 30.05.2025 |
| 24 | C-65, Street no. Main-2, Pocket-C, Sector – 8 | नीरज जाखड़ पुत्र सोमबीर जाखड़ | 09.08.2023 | 30.05.2025 |
| 25 | C-123, Street no. Cross-2, Pocket-C, Sector – 8 | सुनील पुत्र ईश्वर सिहं धीमान | 01.02.2023 | 03.09.2024 |
| 26 | C-157, Street no. Cross-3, Pocket-C, Sector – 8 | आशीष कुमार पुत्र गोपाल सिहं | 17.10.2023 | 13.09.2024 |
| 27 | D-164, Street no. Cross-3, Pocket-D, Sector – 8 | जगजीत पुत्र भीम सिहं | 21.08.2023 | 28.02.2025 |
| 28 | Plot no. 14, Street No.17, Sector – 3 | ब्रिजदीप इन्डस्ट्रीज | 10.10.2023 | 24.10.2024 |

यह कि उपरोक्त प्लाटों का आवंटन, इकरारनामा बैय की शर्तों का निरंतर उल्लंघन करने एवं देय किश्तों का बार – बार अनुरोध करने, रिमाइन्डर एवं नोटिस भेजने के बाद भी भुगतान नहीं करने के कारण निरस्त किया गया है।

इकरारनामा बैय की शर्तों के अनुसार, प्लाट का आवंटन निरस्त होने उपरान्त एवं इकरारनामा बैय के निरस्त होने उपरान्त, उपरोक्त पूर्व आवंटी का प्लाट अथवा उपरोक्त इकरारनामा बैय में किसी तरह का हक, हकूक या अधिकार शेष नहीं रह गया है, एवं मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप लिमिटेड अब उपरोक्त वर्णित प्लाटों को किसी भी तरह से डील करने, किसी अन्य व्यक्ति को बेचने, अलाट करने, ट्रांसफर करने, तीसरे पक्ष के अधिकार सृजन करने, और / या जैसे भी उचित समझें, प्लाट का निपटान करने के लिए पूर्ण रूप से सक्षम है।

प्रस्तुत सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है एवं हिदायत दी जाती है कि उक्त पूर्व आवंटी के साथ उक्त प्लाटों से सम्बंधित किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन अथवा एग्रीमैंट नहीं करें और यदि करता है तो वह कम्पनी पर बाध्यकारी नहीं होगा।

www.modeleconomictownship.com

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में जीन्द में ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में टॉयलेट ब्लॉक (महिलाएं एवं पुरूष) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 21.07.2025 | 8.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398090875 pwdeepdjind@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प सिरसा | हैड-5054 (ग्रुप-IV) के तहत (कार्य कार्यक्रम 2025-26) सिरसा जिले में ऐलनाबाद निर्वाचन क्षेत्र में 2 अदद रोड को चौड़ा करने, मजबूतीकरण पीसी / आईपीबी के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत हेतु डीएनआईटी अर्थात 1. बारासारी से कुतियाना कि.मी. 0.00 से 3.04 तक रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 11572), 2. जमाल से पदमपुरा कि.मी. 1.29 से 5.30 तक रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण रोड आईडी 2509 (जीएसटी के बिना)। | 14.07.2025 24.07.2025 | 320.1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में सेक्टर-9 में 200 बिस्तर वाले सिविल हॉस्पीटल का निर्माण (नर्स कॉल सिस्टम का प्रावधान)। | 10.07.2025 18.07.2025 | 94.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | राजकीय महिला महाविद्यालय, सांपला | परिसरों की सफाई और हाउसकीपिंग इत्यादि सेवाएं। | 11.07.2025 25.07.2025 | 12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416825252 gcwsamplainformation@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, बहादुरगढ़ | सोंधी माइनर के आरडी 1998 पर कल्वर्ट का निर्माण (एमईटीएल डिपॉजिट वर्क)। | बंद होने की तिथि 28.07.2025 | 64.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, करनाल | संवर्धन कैनाल पर आरडी 56.150 कि.मी. पर फुट ब्रिज का निर्माण। | 10.07.2025 21.07.2025 | 124.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2258008 xeninddivn@yahoo.in |
| 7 | सिविल सर्जन, नारनौल | जिला नागरिक हस्पताल नारनौल 123001 के लिये ऑथो इम्प्लांट हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 14.07.2025 05.08.2025 | 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 9467535835 dhs.csmhn@hry.nic.in |
| 8 | स्वास्थ्य विभाग, कैथल | इंज. एंटीहैमोफिलिक हेतु निविदा। | 16.07.2025 26.07.2025 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 dhs.csktl@hry.nic.in |
| 9 | स्वास्थ्य विभाग, पंचकूला | कम्पोस्टेबल गार्बेज बैग्स। | 16.07.2025 26.07.2025 | ईएमडी 25000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 10 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान, पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 35 मदों तक मदें निहित सूची (35 मदों का सिंगल लॉट)* | 15.07.2025 14.08.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 11 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान, पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 03 मदों तक मदें निहित सूची (03 मदों का सिंगल लॉट)* | 15.07.2025 14.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान, पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 24 मदों तक मदें निहित सूची (24 मदों का सिंगल लॉट)* | 15.07.2025 14.08.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 13 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | एसएचकेएम जीएमसी नल्हार नूह में 10000-12000 लीटर जल टैंकर की खरीद के लिए निविदा। | 16.07.2025 27.07.2025 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 14 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | एसएचकेएम जीएमसी नल्हार नूह में एचवीएसी सेवाओं के सीएमसी हेतु निविदा। | 16.07.2025 18.08.2025 | 120 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | बिलोचपुरा (पेहोवा) – तालाब पर वॉकिंग ट्रैक का निर्माण + 6 कार्य। | 11.07.2025 28.07.2025 | 26.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 16 | जिला परिषद चरखी दादरी | गांव संतोर ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में उप-स्वास्थ्य केन्द्र (एसएचसी) का निर्माण + 1 कार्य। | 14.07.2025 21.07.2025 | 93.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenzilaparishadcharkhidadri@gmail.com |
| 17 | बागवानी, आलू प्रौद्योगिकी केन्द्र, शामगढ़, करनाल | 4 अदद नेट हाउसेज में प्लास्टिक ट्रफ्स और खरपतवार मैट की आपूर्ति और स्थापना। | 15.07.2025 18.08.2025 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168696730 ptcshamgarh@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच-11/2026/340/36631/I/88/6 दि. 15.07.25

## खबर संक्षेप

### वैश्विक तनाव के बावजूद भारत 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगाः देव

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के चेयरमैन एस महेंद्र देव ने मंगलवार को कहा कि भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार नीति से जुड़ी अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष (2025-26) में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। देव ने पीटीआई-भाषा के साथ विशेष बातचीत में कहा कि अच्छे मानसून और नीतिगत ब्याज दर में लगातार तीन कटौतियों की वजह से मुद्रास्फीति कम रहने से घरेलू वृद्धि को समर्थन मिलेगा।

### टेस्ला ने मुंबई में अपना पहला 'एक्सपीरियंस सेंटर' खोला

**मुंबई (भाषा)।** इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता कंपनी टेस्ला ने मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में अपना पहला 'एक्सपीरियंस सेंटर' मंगलवार को खोलने के साथ ही आधिकारिक तौर पर भारत में प्रवेश किया। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में इसका उद्घाटन किया। फडणवीस ने इस मौके पर कहा कि राज्य सरकार चाहती है कि टेस्ला भारत में अपने अनुसंधान एवं विकास और विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करे।

### सरकार ने जारी किया जून माह के लिए आंकड़ा

# निर्यात जून में 35.14 अरब डॉलर पर स्थिर व्यापार घाटा चार महीने के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश का वस्तु निर्यात जून महीने में 35.14 अरब डॉलर पर स्थिर रहा। वहीं व्यापार घाटा चार महीने के निचले स्तर 18.78 अरब डॉलर रहा। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। पिछले साल जून में निर्यात 35.16 अरब डॉलर था।

- आयात में 3.71 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य महीने में आयात 3.71 प्रतिशत घटकर 53.92 अरब डॉलर रहा। एक साल पहले जून माह में यह 56 अरब डॉलर था। पेट्रोलियम, कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा, लौह अयस्क, तिलहन, काजू, मसाले, तंबाकू और कॉफी सहित प्रमुख निर्यात क्षेत्रों में आलोच्य महीने के दौरान गिरावट दर्ज की गई। पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात जून में 15.92 प्रतिशत घटकर 4.61 अरब डॉलर और पहली तिमाही के दौरान 15.63 प्रतिशत कम होकर 17.4 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। हालांकि, इंजीनियरिंग, चाय, चावल, सभी प्रकार के सिलेसिलाए परिधान, रसायन, समुद्री उत्पाद और औषधि के निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई है।

**खास बातें**

- पेट्रोलियम, कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा के निर्यात में गिरावट
- इंजीनियरिंग, चाय, चावल, रसायन के निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई



### इलेक्ट्रॉनिक सामान के निर्यात में बढ़ोतरी

इलेक्ट्रॉनिक सामान का निर्यात जून में 46.93 प्रतिशत बढ़कर 4.14 अरब डॉलर हो गया। वहीं अप्रैल-जून तिमाही के दौरान यह 47.11 प्रतिशत बढ़कर 12.4 अरब डॉलर हो गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जून तिमाही के दौरान निर्यात 1.92 प्रतिशत बढ़कर 112.17 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि आयात 4.24 प्रतिशत बढ़कर 179.44 अरब डॉलर रहा।

### वस्तु का व्यापार घाटा बढ़कर 67.26 अरब डॉलर

अप्रैल-जून, 2025 के दौरान वस्तु व्यापार घाटा बढ़कर 67.26 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 62.10 अरब डॉलर था। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान देश का वस्तु एवं सेवा निर्यात 210 अरब डॉलर रहने का अनुमान है, जो सालाना आधार पर लगभग छह प्रतिशत की वृद्धि है।

### भारत का वस्तु व सेवा निर्यात रिकॉर्ड स्तर पर

बर्थवाल ने कहा, "अगर वृद्धि इसी तरह जारी रही, तो हम पिछले साल के निर्यात के आंकड़े को पार कर जाएंगे।" वित्त वर्ष 2024-25 में, भारत का वस्तु एवं सेवा निर्यात 825 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर रहा था। आयात के मोर्चे पर, कच्चे तेल और सोने का आयात क्रमशः 8.37 प्रतिशत और 25.73 प्रतिशत घटकर 13.8 अरब अमेरिकी डॉलर और 1.9 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। इसके अलावा, जून में सेवा निर्यात का अनुमानित मूल्य 32.84 अरब डॉलर है, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 28.67 अरब डॉलर था। जून में सेवाओं का आयात 17.58 अरब डॉलर रहने का अनुमान है, जबकि बीते वर्ष इसी महीने में यह 15.14 अरब डॉलर था।

### सेवाओं के निर्यात को मिलेगा बढ़ावा

भारतीय निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने कहा, "भारत की डिजिटल क्षमताओं और कुशल कार्यबल के साथ, सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देने की काफी संभावनाएं हैं। डिजिटल बुनियादी ढांचे, प्रतिभा विकास और लक्षित अंतरराष्ट्रीय प्रोत्साहन में निवेश इस बढ़ती हुई गति को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण होगा।"



### किआ कैरेंस क्लैविस ईवी भारत में लांच

**नई दिल्ली।** ग्राहकों का इंतजार खत्म हो गया है। दरअसल, दिग्गज कार निर्माता कंपनी किआ ने भारतीय मार्केट में अपनी पहली मेड-इन-इंडिया इलेक्ट्रिक एमपीवी कैरेंस क्लैविस ईवी को लांच कर दिया है। ग्राहकों को किआ कैरेंस क्लैविस ईवी में बेहतरीन कंफर्ट के साथ ढेर सारी मेडल टेक्नोलॉजी मिलेगी। यह इलेक्ट्रिक एमपीवी ग्राहकों को सिंगल चार्ज पर 490 किलोमीटर तक ड्राइविंग रेंज ऑफर करेगी। कंपनी ने भारतीय मार्केट में किआ कैरेंस क्लैविस ईवी को 17.99 लाख रुपए की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत पर लांच किया है जो टॉप मॉडल में 24.49 लाख रुपए तक जाती है। डिजाइन की बात करें तो किआ कैरेंस क्लैविस ईवी में फ्रंट ग्रिल, एयरोडायनामिक अलॉय व्हील्स और एलईडी लाइट बार के साथ कुछ बदलाव किए गए हैं। जबकि इंटीरियर में डुअल 12.3-इंच की स्क्रीन, वेंटिलेटेड सीट्स, वायरलेस चार्जिंग, पैनोरमिक सनरूफ और बोस साउंड सिस्टम जैसे फीचर्स दिए गए हैं।

### देश में बेरोजगारी दर जून में 5.6 प्रतिशत पर स्थिर रही

**नई दिल्ली।** इस साल जून के महीने में देश में बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत पर स्थिर रही है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने इस साल अप्रैल में पहली बार मासिक आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) जारी किया था। इसके जरिये देश में नौकरियों के लिए पात्र लोगों में बेरोजगार लोगों के अनुपात की वास्तविक समय में निगरानी की कोशिश की गई है। वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में एकत्रित नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि मई एवं जून, 2025 के दौरान सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही, जो इस साल अप्रैल के 5.1 प्रतिशत आंकड़े से थोड़ा अधिक है। जून महीने में महिलाओं और पुरुषों के बीच बेरोजगारी दर राष्ट्रीय स्तर पर 5.6 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही। महिलाओं के लिए बेरोजगारी दर पिछले महीने घटकर 5.6 प्रतिशत पर गई, जबकि इस साल मई में यह 5.8 प्रतिशत थी। वहीं, 15-29 आयु वर्ग के लोगों में बेरोजगारी दर जून में बढ़कर 15.3 प्रतिशत हो गई, जो मई, 2025 में 15 प्रतिशत थी। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर जून में बढ़कर 18.8 प्रतिशत हो गई, जो मई में 17.9 प्रतिशत थी।

## भारत-ईयू के बीच एफटीए पर अगले दौर की वार्ता सितंबर में

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर अगले दौर की वार्ता सितंबर में यहां होगी। दोनों पक्षों ने पिछले सप्ताह सेवा क्षेत्रों से संबंधित प्रस्तावों का आदान-प्रदान किया है। वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव एल. सत्य श्रीनिवास ने बताया कि वार्ता का 12वां दौर पिछले सप्ताह ब्रसेल्स में संपन्न हुआ था।

श्रीनिवास ने यहां पत्रकारों से कहा, " हमने सेवाओं और गैर-सेवाओं पर अपने प्रस्तावों का आदान-प्रदान किया है... इस पर चर्चा हुई। हमने वस्तुओं से संबंधित बाजार पहुंच में प्रमुख हितों पर भी चर्चा की... अगले दौर की वार्ता सितंबर के पहले सप्ताह में होगी।'' भारत और 27 देशों के यूरोपीय संघ ने आठ वर्ष से अधिक के अंतराल के बाद जून, 2022 में एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते, एक निवेश संरक्षण समझौते और भौगोलिक संकेतकों (जीआई) पर एक समझौते के लिए बातचीत फिर से शुरू की थी। बाजारों को खोलने के स्तर पर मतभेदों के कारण 2013 में यह समझौता रुक गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष ने इस वर्ष के अंत तक बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने को लेकर 28 फरवरी को सहमति व्यक्त की थी।

## बाजार में चार दिन से जारी गिरावट थमी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को पिछले चार दिन से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 317 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी में 113 अंक की तेजी रही। खुदरा महंगाई दर के छह साल के निचले स्तर पर आने के साथ वाहन और औषधि शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 317.45 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,570.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 490.16 अंक तक चढ़ गया था।

- वाहन, औषधि शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 317 अंक चढ़ा



निफ्टी 113.50 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,195.80 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, आईटी सेवा कंपनी एचसीएल टेक का शेयर 3.31 प्रतिशत के नुकसान में रहा। जून तिमाही में कंपनी के एकीकृत शुद्ध लाभ में 9.7 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिससे इसका शेयर नीचे आया। इसके अलावा, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे। अच्छे मानसून के कारण सब्जियों सहित खाने का सामान सस्ता होने खुदरा मुद्रास्फीति जून में छह साल के निचले स्तर 2.1 प्रतिशत पर आ गई

### बाजार में सुधार के संकेत

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "वैश्विक और घरेलू घटनाक्रमों से बाजार धारणा में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिका के साथ एक अंतरिम व्यापार समझौते की संभावना को लेकर उम्मीद बढ़ रही है। इससे शुल्क से जुड़े जोखिमों में कमी आ सकती है।

### 50,000 रुपये मासिक से कम कमाने वाले 93 प्रतिशत वेतन भोगी करते हैं क्रेडिट कार्ड का इस्तेमालः रिपोर्ट

**मुंबई (भाषा)।** कम आय वर्ग के लोगों में क्रेडिट कार्ड पर निर्भरता बढ़ रही है। 'थिंक 360 डॉट एआई' के एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है। अध्ययन में कहा गया है कि 50,000 रुपये मासिक से कम कमाने वाले लगभग 93 प्रतिशत वेतनभोगी इस 'प्लास्टिक मनी' पर निर्भर हैं। इस अध्ययन के तहत 12 महीने के दौरान भारत में 20,000 से अधिक वेतनभोगी और स्वरोजगार वाले व्यक्तियों के वित्तीय व्यवहार का विश्लेषण किया गया।इसके मुताबिक, 85 प्रतिशत स्वरोजगार वाले व्यक्ति क्रेडिट कार्ड पर निर्भर हैं। मंगलवार को जारी अध्ययन में कहा गया कि 'अभी खरीदें, बाद में भुगतान करें' (बीएनपीएल) सेवाओं का इस्तेमाल 18 प्रतिशत स्वरोजगार व्यक्ति और 15 प्रतिशत वेतनभोगी व्यक्ति करते हैं। 'थिंक 360 डॉट एआई' के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमित दास ने कहा, "भारत के विकसित होते कर्ज परिदृश्य में, क्रेडिट कार्ड और बीएनपीएल अब वेतनभोगी पेशेवरों से लेकर अस्थायी कर्मियों तक, सभी के लिए जरूरत बन गए हैं।"

### रिलायंस और जियो के नकली ट्रेडमार्क वाले उत्पादों को बेचना बंद करें अमेज़न और फ्लिपकार्टः दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनियों अमेजन और फ्लिपकार्ट सहित कई अन्य ई-कॉमर्स वेबसाइटों को 'रिलायंस' और 'जियो' ट्रेडमार्क का उल्लंघन करने वाले उत्पादों को नहीं बेचने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने आदेश दिया कि रिलायंस और जियो के ट्रेडमार्क का उल्लंघन करने वाले सभी उत्पादों के निर्माण और उनके विज्ञापनों पर भी रोक लगा दी जाए। दरअसल कई ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर रिलायंस और जियो के ट्रेडमार्क से मिलते जुलते नामों और कंपनी-लोगो का इस्तेमाल करके, उत्पादों को बेचा जा रहा था। रिलायंस और जियो की साख का फायदा उठाकर ये कंपनियां ग्राहकों के भरोसे से खेल रही थीं। हाईकोर्ट ने साफ कहा कि जिस भी उत्पाद को रिलायंस या जियो ने नहीं बनाया है, उसे रिलायंस या जियो के नाम से नहीं बेचा जा सकता।

### रुपया 10 पैसे की बढ़त के साथ 85.82 प्रति डॉलर

**मुंबई।** विदेशी बाजार में डॉलर के कमजोर रुख और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच रुपया मंगलवार को 10 पैसे मजबूत होकर 85.82 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि, विदेशी पूंजी की निकासी तथा भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के नतीजों पर अनिश्चितताओं से स्थानीय मुद्रा की बढ़त सीमित रही।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Mona Singh**
Additional District and Sessions Judge
**SDO, PROVINCIAL DIVISION PWD (B AND R)**
**Vs.**
**ATTAR SINGH**
CNR No. HRJR01-010002-2022
Next Date : 01.08.2025
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**3 (D) Babli, 3 (E) Babita Ds/o Bhoop Singh 9 (a) Smt. Murti, 9 (b Kanta), 9 (c) Ritu, 9 (d) Pooja Ds/o Jorawar Singh Village Majra Dubaldhan, Distt. Jhajar**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **01.08.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Mona Singh, Additional District and Sessions Judge
Dated, this day of 26.05.2025

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### सोना 200 रुपए टूटा, चांदी में 3000 रुपए की गिरावट

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्ट की ताजा बिकवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये टूटकर 99,370 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 99,570 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 200 रुपये गिरकर 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया, जबकि पहले इसकी कीमत 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चांदी की कीमतें मंगलवार को 3,000 रुपये गिरकर 1,12,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गईं। सोमवार को चांदी 5,000 रुपये की तेजी के साथ 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। मेहता इक्विटीज के उपाध्यक्ष-जिंस राहुल कलंत्री ने कहा, "सोने और चांदी में दिन के दौरान भारी उतार-चढ़ाव देखा गया, शुरुआत में इनमें तेजी देखी गई, लेकिन बाद में अमेरिकी डॉलर सूचकांक में उछाल आने के कारण ये अपने उच्चतम स्तर से नीचे आ गए।

### रिलायंस ने नेपाल में पेश किया 'कैम्पा' ब्रांड

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लि. (आरसीपीएल) ने नेपाल में अपने शीतल पेय ब्रांड 'कैम्पा' को पेश किया है। कंपनी ने इसके लिए नेपाल के चौधरी ग्रुप के साथ साझेदारी की है। दोनों कंपनियों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने चौधरी ग्रुप के साथ साझेदारी में नेपाल में भारतीय पेय ब्रांड कैम्पा को पेश कर दिया है। कंपनी ने कहा, 'यह नेपाल के प्रति कंपनी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।' रिलायंस कंज्यूमर ने कहा कि उसे खाद्य एवं पेय पदार्थ क्षेत्र में विनिर्माण और वितरण के मामले में चौधरी समूह से मदद मिलेगी ताकि स्थानीय आपूर्ति सुनिश्चित हो सके और नेपाल में कैम्पा उत्पादों का सुचारू रूप से वितरण हो सके।


### डेलॉयट के अधिकारी ने कहा, रोजमर्रा की जिंदगी को नया रूप मिलेगा

# एआई से नया रोजगार, पुराने पर आएगा संकट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक पेशेवर सेवाप्रदाता डेलॉयट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि कृत्रिम मेधा (एआई) उद्योगों और रोजमर्रा की जिंदगी को नया रूप देने वाली एक बदलावकारी प्रौद्योगिकी ताकत है, जो खत्म होने वाली नौकरियों से कहीं अधिक नए अवसरों को जन्म देगी। डेलॉयट के दक्षिण एशिया क्षेत्र के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोमल शेट्टी ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि अधिक उन्नत चरणों में एआई एक बेहद मददगार और जरूरी साधन के तौर पर काम कर सकता है और यह मानवीय प्रतिभा की जगह लेने के बजाय उसकी मदद करता है। उनका यह बयान एमआईटी के मीडिया लैब के हाल में आए एक शोध नतीजों की पृष्ठभूमि में महत्वपूर्ण है।

- एआई खत्म होने वाली नौकरियों से कहीं अधिक नए अवसर देगी



### अत्यधिक निर्भर रहने पर याददाश्त कम होगी

इस अध्ययन से पता चला कि एआई उपकरण दक्षता में सुधार कर सकते हैं, लेकिन जेनरेटिव एआई पर अत्यधिक निर्भर लोगों की याद्दाश्त समय के साथ कम होने लगी है। उन्होंने नौकरियों पर एआई के प्रभाव के बारे में पूछे गए एक सवाल पर कहा कि एआई के आने से कुछ तरह की नौकरियां भले ही गायब हो जाएं लेकिन इतिहास बताता है कि नई तरह की भूमिकाएं और व्यावसायिक मॉडल उभरकर सामने आएंगे।

### कुछ सीमाएं तय करनी होगी

शेट्टी ने शिक्षा में एआई को शामिल किए जाने पर कुछ सीमाएं निर्धारित करने की जरूरत देते हुए कहा कि शुरुआती स्कूली वर्षों में इस पर अत्यधिक निर्भरता होने से बच्चों की आलोचनात्मक सोच प्रभावित हो सकती है।

### एक नौकरी जाएगी तो दो पैदा होगी

शेट्टी ने एक हालिया अध्ययन का हवाला देते हुए कहा कि हर एक नौकरी के नुकसान पर लगभग दो नई नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यह सिलसिला पिछली प्रौद्योगिकी क्रांतियों के रुझानों की भी पुष्टि करता है। शेट्टी ने कहा, "एआई शायद हमारे जीवनकाल में घटने वाली सबसे विघटनकारी चीज है। कम-से-कम इस दशक की यह सबसे बदलावकारी चीज है। साथ ही यह कई नई चीजें भी पैदा कर सकता है।"

### नई तरह की नौकरियां पैदा होगी

शेट्टी ने कहा, "अतीत की तुलना में नई तरह की नौकरियां पैदा होंगी। पुरानी विशिष्ट नौकरियां शायद खत्म हो जाएंगी, लेकिन नई नौकरियां पैदा होंगी।"
इसके साथ ही शेट्टी ने एआई में नैतिकता, सिद्धांतों और शासन को शामिल करने के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों पर सावधानीपूर्वक ध्यान देने की जरूरत है।

**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी तोशाम के निर्देश अनुसार ग्राम पंचायत ढाणी रिवासा में एक सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की जानी है नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र सादे कागज पर सरपंच ग्राम पंचायत ढाणी रिवासा द्वारा लिए जाएंगे। आवेदन की तिथि 17 जुलाई 2025 से 30 जुलाई 2025 तक है। खंड स्तरीय चयन समिति के गठन की तिथि 17 जुलाई 2025 है। साक्षात्कार एवं चयन की तिथि 4 अगस्त 2025 है एवं सभी व्यवस्था पूर्ण करने की तिथि 05 अगस्त 2025 है। अभ्यर्थी की उम्र 18 वर्ष से 55 वर्ष के बीच हो।
नोटः अन्य जानकारी सरपंच ग्राम पंचायत ढाणी रिवासा द्वारा आवेदन जमा करते समय बता दी जाएंगी।
सरपंच, ग्राम पंचायत ढाणी रिवासा, खंड तोशाम

## राशिफल


**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।



**वृष** — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।


**मिथुन** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।


**कर्क** — कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।


**सिंह** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।



**कन्या** — मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।


**तुला** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।



**धनु** — किसी पुराने मित्र से पुन:सम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।


**मकर** — नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।


**कुंभ** — स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।


**मीन** — कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

## शब्द पहेली - 5929




**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

### शब्द पहेली- 5928 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | ह | का | रि | ता | | अ | चा | न | क |
| हा | र | | य | | ना | वि | क | | त | र |
| थ | | त | र | जु | मा | | ल | ता | | दा |
| मा | कू | ल | | | र | थ | | क | वि | ता |
| र | | घ | | फ | ना | | खा | | र | |
| ना | म | र | ख | ना | | रा | ज | म | ह | ल |
| | थ | | त | | मो | ह | | ह | | प |
| क | ना | त | | रा | ह | | | क | पा | ल |
| र | | ना | प | | त | म | क | ना | | पा |
| ता | ना | | ली | ड | र | | थ | | का | ना |
| र | च | यि | ता | | मा | ख | न | चो | र | |



## इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले बड़ा फैसला

# बिहार मंत्रिमंडल ने एक करोड़ नौकरियों और रोजगार के अवसरों के प्रस्ताव को मंजूरी दी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

बिहार मंत्रिमंडल ने अगले पांच वर्षों में 'एक करोड़ नौकरियों और रोजगार के अवसरों' के प्रस्ताव को मंगलवार को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में श्रम विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई और इस संबंध में संभावनाएं तलाशने और निर्णय लेने के लिए विकास आयुक्त की अध्यक्षता में 12 सदस्यीय समिति गठित करने का भी निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने रविवार को घोषणा की थी कि अगले पांच वर्षों (2025 से 2030) के लिए, हम एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार के अवसर प्रदान करके 2020-25 के लक्ष्य को दोगुना करने का लक्ष्य रख रहे हैं।

> मंत्रिमंडल ने मेट्रो रेल के प्राथमिकता वाले कॉरिडोर के रखरखाव के लिए 179 करोड़ रुपये से अधिक की राशि को भी मंजूरी दी।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक



### श्रम विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी

इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, निजी क्षेत्र में विशेष रूप से औद्योगिक क्षेत्रों में नयी नौकरी और रोजगार के अवसर भी पैदा किए जाएंगे। इस उद्देश्य के लिए, एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया जा रहा है। मंत्रिमंडल की बैठक के तुरंत बाद, अतिरिक्त मुख्य सचिव (कैबिनेट सचिवालय) एस सिद्धार्थ ने संवाददाताओं को बताया, राज्य मंत्रिमंडल ने मंगलवार को श्रम विभाग के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

### 12 सदस्यीय समिति का होगा गठन

जिसके तहत अगले पांच वर्षों (2025-2030) में राज्य के युवाओं को एक करोड़ नौकरियां और रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। सरकार ने इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 12 सदस्यीय समिति गठित करने का भी निर्णय लिया है। मंत्रिमंडल ने विभिन्न विभागों के 30 प्रस्तावों को भी मंजूरी दी। मुख्यमंत्री ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा "मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि राज्य में अब तक 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और लगभग 39 लाख लोगों को रोजगार दिया जा चुका है।

## बिहार में 'डबल इंजन' खराब, नीतीश नहीं कोई और सरकार चला रहा : कन्हैया कुमार

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने बिहार में शिक्षा व्यवस्था की स्थिति तथा अपराध की हालिया घटनाओं को लेकर मंगलवार को प्रदेश की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नहीं, बल्कि कोई और चला रहा है।



उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि बिहार में 'डबल इंजन' पूरी तरह से खराब हो गया है तथा राज्य की मौजूदा स्थिति में "अंधेर नगरी चौपट राजा, टके सेर भाजी, टके सेर खाजा" की कहावत चरितार्थ हो रही है। कांग्रेस की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के प्रभारी कुमार ने कहा, "बिहार से एक अजीब घटना सामने आई, जहां (पटना विश्वविद्यालय के) कुछ कॉलेज के प्राचार्यों की नियुक्ति लॉटरी के माध्यम से की गई, जिसके बाद महिला कॉलेज में भी पुरुष प्राचार्य बना दिए गए।

## शशिकांत बने राकांपा शरदगुट के अध्यक्ष


**मुंबई।** महाराष्ट्र में शरद पवार की पार्टी को नया अध्यक्ष मिल गया है। पार्टी ने शशिकांत शिंदे को



प्रदेशाध्यक्ष बनाया है। जयंत पाटील के इस्तीफा देने के बाद यह फैसला लिया गया है। उनके इस्तीफे के बाद कई नामों की अटकलें लगाई जा रहीं थी। शिंदे पश्चिम महाराष्ट्र मे गद्दावर नेता माने जाते हैं और उनके अनुभव को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी है। इसके लिए कई नामों की चर्चा थी।

## बीएसई भवन को उड़ाने की धमकी झूठी निकली

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई में स्थित प्रतिष्ठित 'बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज' (बीएसई)



भवन को एक ईमेल के जरिये बम से उड़ाने की धमकी दी गई, लेकिन परिसर की तलाशी लेने के बाद यह धमकी झूठी साबित हुई। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि बीएसई के एक कर्मचारी को रविवार को एक ईमेल आईडी से एक संदेश मिला।

### कांवड़ यात्रा: क्यूआर कोड जरूरी

## सुप्रीम कोर्ट ने यूपी व उत्तराखंड सरकार से 22 तक मांगा जवाब



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांवड़ यात्रा मार्ग पर बनी दुकानों पर क्यूआर कोड लगाने और दुकान मालिकों की पहचान उजागर करने के उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने मामले में यूपी सरकार को नोटिस जारी किया है। 22 जुलाई तक जवाब मांगा है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने शिक्षाविद अपूर्वानंद झा एवं अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यूपी सरकार से जवाब तलब किया है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल भी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश द्वारा जारी कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को अपने मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के निर्देशों पर रोक लगा दी थी।

### याची ने निजता के अधिकार का उल्लंघन कहा

कोर्ट में 25 जून को यूपी सरकार द्वारा जारी निर्देश का हवाला देते हुए झा ने कहा कि नए निर्देश के तहत कांवड़ मार्ग पर बने सभी भोजनालयों पर क्यूआर कोड प्रदर्शित करना अनिवार्य है। इससे दुकान मालिकों के नाम और पहचान का पता चले। इससे दोबारा वही भेदभाव किया जा रहा है, जिसे पहले इस अदालत ने रोका था। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार का निर्देश, जिसमें स्टॉल मालिकों को कानूनी लाइसेंस आवश्यकताओं के तहत धार्मिक और जातिगत पहचान का खुलासा करने के लिए कहा गया है। यह दुकान, ढाबा और रेस्तरां मालिकों के निजता के अधिकार का उल्लंघन करता है।

## शिवराज का बायोस्टिमुलेंट पर सख्त रवैया किसान सर्वोपरि हैं, लापरवाही ना बरतें अफसर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

- केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह ने बायोस्टिमुलेंट की बिक्री पर महत्वपूर्ण बैठक की
- किसान हित में आईसीएआर से बायोस्टिमुलेंट की उपयोगिता का परीक्षण भी जरूरी : चौहान

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बायोस्टिमुलेंट की बिक्री को लेकर मंगलवार को कृषि भवन, नई दिल्ली में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। सख्त रवैये के साथ केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि बायोस्टिमुलेंट के मामले में हम किसानों के साथ किसी भी हालत में धोखा नहीं होने देंगे। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि वे कोई भी अनुमति देते समय किसानों की सूरत को ध्यान में रखें, हम देश के छोटे किसानों के साथ किसी भी हालत में अन्याय नहीं होने देंगे। शिवराज सिंह ने कहा कि कुछ बेईमान गड़बड़ियां कर रहे हैं, जिनसे किसानों को बचाना मेरी जवाबदारी है। ज्ञात हो कि बायोस्टिमुलेंट जैव-उत्तेजक प्राकृतिक या कृत्रिम पदार्थ होते हैं जिनका उपयोग बीजों, पौधों और मिट्टी पर किया जा सकता है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा हाल ही में देशभर में चलाए गए पंद्रह दिवसीय 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के दौरान जब वे राज्यों में प्रवास कर गांव-गांव, खेतों में गए थे और किसानों से सीधा संवाद किया था।

### दीक्षांत समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

## महिला सशक्तीकरण से महिला नेतृत्व विकास की ओर बढ़ रहा



एजेंसी ▶▶ कटक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि भारत महिला सशक्तीकरण से महिला-नेतृत्व वाले विकास की ओर बढ़ रहा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कटक में रेवेनशॉ विश्वविद्यालय के 13वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष विश्वविद्यालय के 27 विभागों में से 21 में छात्राओं ने अपने पुरुष सहपाठियों से बेहतर प्रदर्शन किया है, जो इसका प्रमाण है। मुर्मू ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में, संस्थान में छात्राओं ने पढ़ाई के मामले में लगातार छात्रों से बेहतर प्रदर्शन किया है। स्नातकोत्तर स्तर पर टॉप करने वाली छात्राओं की संख्या छात्रों की तुलना में साढ़े तीन गुना से भी अधिक है। यह दर्शाता है कि भारत महिला सशक्तीकरण से महिला-नेतृत्व वाले विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे नौकरी प्रदाता बनें।

### बंबई उच्च न्यायालय ने शर्तें भी लगाई

## 'गेटवे ऑफ इंडिया' पर यात्रियों के लिए जेटी के निर्माण को हरी झंडी

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बंबई उच्च न्यायालय ने कुछ शर्तों के साथ दक्षिण मुंबई में 'गेटवे ऑफ इंडिया' पर यात्रियों के लिए नए यात्री जेटी और टर्मिनल के निर्माण की मंगलवार को अनुमति दे दी। मुख्य न्यायाधीश आलोक आराधे और न्यायमूर्ति संदीप मार्ने ने जेटी और टर्मिनल निर्माण के लिए महाराष्ट्र सरकार के फैसले को बरकरार रखा। अदालत ने कहा कि परियोजना के तहत प्रस्तावित 'एम्फीथिएटर' का उपयोग सिर्फ यात्रियों के बैठने की जगह के रूप में किया जाएगा, मनोरंजन स्थल के रूप में नहीं। न्यायाधीशों ने कहा कि इसी तरह प्रस्तावित रेस्तरां या कैफे का उपयोग केवल यात्रियों को पानी और पैकेटबंद भोजन उपलब्ध कराने के लिए किया जाएगा, न कि भोजन सुविधा के रूप में। अदालत ने कहा कि महाराष्ट्र सागरी मंडल यह सुनिश्चित करेगा कि परियोजना पूरी होने के बाद नौसेना के निर्देशानुसार चरणबद्ध 4 जेटी का उपयोग बंद कर दिया जाएगा। उच्च न्यायालय ने कहा हमारे विचार में यह परियोजना विकास के सिद्धांत को पूरा करती है, जहां प्रस्तावित विकास पर्यावरण को न्यूनतम नुकसान पहुंचाते हुए किया जा रहा है।




## चिंतन

# भारत के अंतरिक्ष मिशनों के लिए भविष्य का मंच तैयार

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की 18 दिवसीय सफल अंतरिक्ष यात्रा ने भारत की स्पेस मिशनों के लिए मंच तैयार कर दिया है। भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की तैयारी कर रहा है। भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान 'गगनयान' की तैयारी मुकम्मल स्थिति में है। भारत की योजना 2027 में स्वदेश निर्मित रॉकेट और 'क्रू कैप्सूल' के माध्यम से मानव अंतरिक्ष उड़ान 'गगनयान' भेजने की है। शुक्ला का अंतरिक्ष प्रवास 'गगनयान' की दिशा में एक और मील का पत्थर है। भारत के अंतरिक्ष स्टेशन का पहला मॉड्यूल 2028 में प्रक्षेपित होने की उम्मीद है तथा एक पूर्ण विकसित कक्षीय प्रयोगशाला 2035 तक आकार ले लेगी। यह मिशन मानव अंतरिक्ष उड़ान में भारत की यात्रा में एक निर्णायक अध्याय है और यह न केवल एक कदम आगे है, बल्कि महत्वाकांक्षा को क्षमता में बदलने की दिशा में एक बड़ी छलांग है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर किए गए प्रयोगों ने भारत के वैज्ञानिक समुदाय के लिए अंतरिक्ष कृषि और पदार्थ विज्ञान से लेकर स्वास्थ्य तथा एआई तक के नए आयाम खोले हैं। भारत 2040 तक मानव चंद्र मिशन अभियान की तैयारी भी कर रहा है। 'एक्सिओम-4' के चालक दल ने अपने प्रवास के दौरान 60 वैज्ञानिक प्रयोग किए, जिनमें से सात प्रयोग इसरो द्वारा भारतीय अनुसंधान संस्थानों और विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर डिजाइन किए गए थे। इन अनुभवों से हमें यह पता चलेगा कि हम अंतरिक्ष यात्रियों को कैसे प्रशिक्षित करते हैं, प्रयोगों की रूपरेखा कैसे तैयार करते हैं, तथा दीर्घकालिक, स्वतंत्र अभियानों के लिए उपयुक्त जीवनरक्षक प्रौद्योगिकियों का विकास कैसे करते हैं। 'एक्स-04 मिशन' अंतरराष्ट्रीय चालक दल एकीकरण, चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक तैयारी, वास्तविक समय स्वास्थ्य टेलीमेट्री, प्रयोग निष्पादन और चालक दल-जमीनी समन्वय की बारीकियों में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा। ये जानकारियां भारत के पहले स्वदेशी मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन के लिए मिशन योजना, सुरक्षा सत्यापन और अंतरिक्ष यात्री की तत्परता को सीधे प्रभावित करेंगी। इस यात्रा के अनुभवों से न केवल इसरो को सहायता मिलेगी, बल्कि वैश्विक और भारतीय निजी अंतरिक्ष उद्योगों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। यह सफलता बाह्य अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शुभांशु शुक्ला को लेकर ड्रैगन अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर लौटा, तो वह अपने साथ सिर्फ वैज्ञानिक आंकड़े और बीज के नमूने ही नहीं, बल्कि साहस, सपनों और भारत की बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं की कहानी भी लेकर आया है। भारतीय वायुसेना के अधिकारी और टेस्ट पायलट ग्रुप कैप्टन शुक्ला (39) ने एक्सिओम-4 मिशन के तहत अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा पूरी की है। यह एक वाणिज्यिक अंतरिक्ष उड़ान थी, जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) व अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' का सहयोग प्राप्त था तथा एक्सिओम स्पेस द्वारा संचालित किया गया। शुक्ला आईएसएस पर पहुंचने वाले पहले भारतीय हैं तथा 1984 में राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। शुक्ला के पास सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29, जगुआर और डोर्नियर-228 सहित विभिन्न प्रकार के विमानों पर 2,000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है। यात्रा के दौरान शुक्ला ने जीवन विज्ञान, कृषि, अंतरिक्ष जैव प्रौद्योगिकी और संज्ञानात्मक अनुसंधान के विविध क्षेत्रों में भारत के नेतृत्व में सात सूक्ष्म गुरुत्व प्रयोग किए हैं। शुक्ला की सफल वापसी से भारत के मानव अंतरिक्ष यात्रा के द्वार खुल गए हैं।

## आकाश का विजेता

प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'



# शुभांशु की यात्रा से भविष्य की ओर तिरंगे की उड़ान

जब आकाश की अथाह गहराइयों से एक तारा धरती की ओर लौटता है, तो वह अपने साथ अनुभवों की रोशनी ही नहीं, बल्कि एक राष्ट्र की आकांक्षाओं और सपनों की प्रज्वलित चमक भी लाता है। 15 जुलाई 2025 का वह ऐतिहासिक क्षण, जब भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 18 दिन की साहसिक यात्रा पूरी कर प्रशांत महासागर के नीले विस्तार में स्प्लैशडाउन के साथ धरती को छुआ, भारत के लिए गर्व का एक नया सूर्योदय बन गया। यह केवल एक अंतरिक्ष यात्री की वापसी नहीं थी; यह एक अरब भारतीयों के विश्वास, संकल्प और महत्वाकांक्षा की विजय थी। 1.30 करोड़ किलोमीटर की यह यात्रा भारत के अंतरिक्ष इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो गई, जो न सिर्फ एक वैज्ञानिक मील का पत्थर है, बल्कि हर भारतीय के हृदय में असंभव को संभव बनाने का ज्वलंत प्रतीक है।

25 जून 2025 को, जब फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से फाल्कन-9 रॉकेट ने आकाश को भेदते हुए ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष की अनंत ऊंचाइयों तक पहुंचाया, तो वह पल भारत के लिए एक स्वर्णिम युग की शुरुआत बन गया। यह उनकी पहली अंतरिक्ष यात्रा थी, जो एक्सिओम-4 मिशन (एक्स-4) का हिस्सा थी। स्पेसएक्स के ड्रैगन यान 'ग्रेस' के साथ उनकी वापसी, कैलिफोर्निया के सैन डिएगो तट के पास प्रशांत महासागर में एक शानदार स्प्लैशडाउन के साथ हुई, जिसने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को वैश्विक मंच पर अभूतपूर्व गौरव प्रदान किया। शुभांशु, राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर कदम रखने वाले पहले भारतीय बने। उनके साथ इस मिशन में अमेरिकी कमांडर पैगी व्हिटसन, पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की और हंगरी के टिबोर कापू थे। चार दशकों बाद भारत, पोलैंड और हंगरी की संयुक्त अंतरिक्ष उपलब्धि ने इस मिशन को वैश्विक सहयोग का एक चमकता प्रतीक बना दिया। 18 दिनों के इस मिशन में शुभांशु ने 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों को न केवल पूर्ण किया, बल्कि उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, जिनमें से सात भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के थे। इनमें टार्डिग्रेड्स जैसे सूक्ष्म जीवों पर अभूतपूर्व अध्ययन, मेथी और मूंग के बीजों का अंतरिक्ष में अंकुरण, और माइक्रोग्रैविटी में मानव शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों की गहन खोज शामिल थी। ये प्रयोग भविष्य के मंगल मिशन और पृथ्वी पर चिकित्सा विज्ञान के लिए क्रांतिकारी नींव रखेंगे। शुभांशु 263 किलोग्राम वैज्ञानिक सामग्री, नासा के हार्डवेयर और अंतरिक्ष स्टेशन से एकत्र कचरे के साथ धरती पर लौटे, जो भारत की वैज्ञानिक दृढ़ता और वैश्विक जिम्मेदारी का प्रबल प्रमाण है।

उनकी वापसी की यात्रा तकनीकी कौशल और अदम्य साहस का एक अद्वितीय संगम थी। 14 जुलाई 2025 को, भारतीय समयानुसार शाम 4:45 बजे, ड्रैगन यान ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के हार्मनी मॉड्यूल से विदाई ली, जिसने एक रोमांचक वापसी की शुरुआत की। 22.5 घंटे की इस यात्रा में यान ने 27,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया, जहां इसकी हीट शील्ड ने 1,600 डिग्री सेल्सियस की प्रचंड गर्मी को न केवल सहन किया, बल्कि विजय प्राप्त की। 5.7 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्टेबिलाइजिंग पैराशूट और फिर 2 किलोमीटर पर मुख्य पैराशूट ने यान की गति को 25.75 किलोमीटर प्रति घंटे तक नियंत्रित किया, जिससे सैन डिएगो तट पर प्रशांत महासागर में एक शानदार स्प्लैशडाउन संभव हुआ। स्पेसएक्स की रिकवरी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हेलीकॉप्टरों और नावों के जरिए शुभांशु और उनके साथियों को सुरक्षित बाहर निकाला। प्रारंभिक चिकित्सीय जांच में सभी अंतरिक्ष यात्री पूर्णतः स्वस्थ पाए गए और उन्हें सात दिन के पुनर्वास कार्यक्रम के लिए वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस ले जाया गया।

यह मिशन भारत के गगनयान कार्यक्रम के लिए एक युगांतरकारी कदम है, जो 2027 में पहला मानवयुक्त मिशन लॉन्च करने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इस मिशन के लिए 550 करोड़ रुपये का निवेश किया, जो भारत की अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। शुभांशु का यह अनुभव गगनयान के लिए तकनीकी और वैज्ञानिक तैयारियों को नई मजबूती देगा, जो भारत को अंतरिक्ष अन्वेषण के वैश्विक मंच पर और भी ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

(लेखक शिक्षाविद् हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## राधिका हत्याकांड

प्रो. नीलम महाजन सिंह

# अगले जन्म मुझे बिटिया न कीजो

हरियाणा के गुरुग्राम में राधिका यादव की पिता द्वारा हत्या ने देश-समाज को सन्न किया है। भारतीय समाज की सोच में गज़ब का दोगलापन व विरोधाभास है। एक तरफ तो 'सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते।। या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।। यत्र नारीयस्य पूजयन्ते तत्र रमंते देवता।', दूसरी ओर समाज पितृसत्तात्मक सामंती सोच में जकड़ा हुआ है। बीते सप्ताह 'राधिका यादव हत्याकांड' ने समाज के इसी दोगलेपन को एक बार फ़िर अनावृत किया है।

अपराधशास्त्र के जनक माने जाने वाले इतालवी चिकित्सक डा. सेसारे (शेजारे) लोम्ब्रोसो 19 वीं सदी में जब किसी भी अपराध के पीछे की मानसिकता का गहन अध्ययन कर रहे थे, तब उनके अध्ययन क्षेत्र में एक पिता द्वारा अपनी ही बेटी की नृशंस हत्या का मामला नहीं था। यूं तो वह दौर भी जघन्य अपराधों से भरपूर था, लेकिन संतान की हत्या के केस कम ही नज़र आते हैं। भारतीय समाज में ऐसी घटना विचलित करने वाली होती है। समाजशास्त्र में एक वाक्य उद्धृत है - 'नो सोसायटी एग्जिस्टज़ विदाउट क्राइम'। लेकिन इस वाक्य के भाव में भी पिता अपनी ही बेटी की हत्या कर दे, यह नहीं है। मानवता के लिए, समाज के लिए मध्ययुगीन दौर को सबसे अधिक बर्बर व हिंसक माना गया है। उस दौर में भी अधिकांश हत्याएं राजसत्ता के लिए हुई हैं, समाज में इतनी गिरावट नहीं देखी गई, जबकि समाज, सामंती सोच से अभिप्रेत था। आज 21वीं सदी में जब समाज प्रगतिशील है, मानवीय मूल्य महत्वपूर्ण हैं, मानवता श्रेष्ठतम धर्म है, सोच-विचार से हम आधुनिक हो रहे हैं, परिवार में संवाद, उदारता, अभिव्यक्ति व स्वतंत्रता को जगह मिल रही है, वैचारिक आज़ादी है, ऐसे दौर में अगर एक पिता अपनी बेटी की हत्या सिर्फ इसलिए कर दे कि वह जीवन में आगे बढ़ना चाहती थी व उनकी कमाई पर जीने का आरोप पिता सह नहीं पा रहा था। हरियाणा के गुरुग्राम में राधिका यादव की पिता द्वारा हत्या ने देश-समाज को सन्न किया है। क्या बेटी का आगे बढ़ना इतना बड़ा अपराध है कि एक पिता उसकी जान ही ले ले? यदि पुत्र व पुत्री में कोई अंतर नहीं है तो उसकी कमाई में भी कोई फर्क नहीं होना चाहिए। भारतीय समाज की सोच में गज़ब का दोगलापन व विरोधाभास है। एक तरफ तो 'सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते।। या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।। यत्र नारीयस्य पूजयन्ते तत्र रमंते देवता।', दूसरी ओर समाज पितृसत्तात्मक सामंती सोच में जकड़ा हुआ है। बीते सप्ताह 'राधिका यादव हत्याकांड' ने समाज के इसी दोगलेपन को एक बार फ़िर अनावृत किया है।

पिता दीपक यादव ने अपनी 25 साल की बेटी को, ताबड़तोड़ गोलियों से भून दिया। फ़िर अपने भाई विजय से बोला, 'भाई मैंने कन्या वध कर दिया है, मुझे फांसी दिलवाओ'। वो तो मिलेगी ही मासूम बेटी के हत्यारे! राधिका की सहेली हिमांशिका सिंह राजपूत ने इंस्टाग्राम पोस्ट में एक वीडियो संदेश में कहा है कि राधिका के पापा उसे कंट्रोल करते थे। उसे तस्वीर खिंचवाना, वीडियो बनाना पसंद था, लेकिन सब धीरे-धीरे बंद हो गया व राधिका की आज़ादी उन्हें नागवार थी। राधिका कहती थी उसके परिवार में बहुत रेसट्रिक्शन हैं। हर चीज़ के बारे में सफाई देते रहो कि क्या कर रहे हो और क्या नहीं? दीपक यादव ने अपनी बेटी की हत्या का जुर्म, पुलिस व मैजिस्ट्रेट के समक्ष कुबूल कर लिया है। पुलिस ने बताया था कि राधिका यादव एक टेनिस अकादमी चलाती थी, जो उसके व उसके पिता के बीच विवाद का कारण बन गई थी, क्योंकि उसके पिता को अक्सर अपनी बेटी की कमाई पर गुज़ारा करने के लिए ताने मारे जाते थे। लव जिहाद के आरोपों को सिरे से ख़ारिज कर दिया गया है।

शायद महिलाओं की बलि चढ़ती रहेगी, क्योंकि भारत में पिता, भाई, पति व पुत्र ही महिलाओं को कंट्रोल करते





हैं। दो वर्ष पूर्व देव-भूमि उत्तराखंड में 19 वर्षीय युवती, अंकिता भंडारी की निर्मम हत्या के उपरान्त, महिला सुरक्षा का मुद्दा सुर्खियों में आया था। समाज की यह चुप्पी निंदा योग्य है। भोपाल की सुषमा सिंह को मगरमच्छों की झील में फेंक दिया गया था। शकीरे नमाज़ी खलीली, एक रियल एस्टेट डेवलपर थीं, जो 1991 में लापता हो गईं। मुख्य संदिग्ध उनका ढोंगी दूसरा पति, स्वामी श्रद्धानदा था, जिसका मूल नाम 'मुरली मनोहर मिश्रा' था। एक स्टिंग ऑपरेशन द्वारा; तीन साल के बाद, कर्नाटक पुलिस को उसने हत्या की बात स्वीकारा। 1994 में पुलिस को शकीरे खलीली के, आवास में दफनाए गए अवशेषों तक अपराधी ले गया। वह जेल में आजीवन कारावास में सज़ा पूरी कर, रिहा हो चुका है। राजदूत अकबर मिर्ज़ा खालिली, आईएफएस की पत्नी, शकीरे खलीली, 4 बेटियों के बाद, बेटे की मां बनने की इच्छुक थीं। वे इस तांत्रिक के जाल में फंस गईं थीं। 'निर्भया कांड'; ज्योति सिंह मर्डर केस के दरिंदों को तो फांसी मिल चुकी है। जेसिका लाल की हत्या के मामले ने सनसनी फैलाई थी। इस केस में सज़ा पाए मनु शर्मा को 'अच्छे व्यवहार' के कारण रिहा कर दिया गया। नैना साहनी की हत्या 2 जुलाई 1995 को की गई। यह हत्याकांड 'तंदूर कांड' के नाम से चर्चित हुआ। नैना साहनी के पति, कांग्रेसी नेता सुशील शर्मा, ने ही उनकी हत्या की थी। सुशील शर्मा भी कानूनी सज़ा पूरी कर आज़ाद है। 26 साल पहले हुए एक खौफनाक कांड में, पुलिस अफसर के बेटे, सुशील कुमार सिंह ने प्रियदर्शिनी मट्टू का रेप व मर्डर किया था। आम जन का पुलिस व कानून से भरोसा हटने लगा है। प्रियदर्शनी मट्टू के पिता, सी.एल. मट्टू ने यह न्यायिक युद्ध लड़ा। परंतु अब सुशील सिंह भी सजा पूरी कर आज़ाद हो चुका है। उत्तर प्रदेश के अमर मणि त्रिपाठी व मधुमिता शुक्ला का प्रसंग; रौंगटे खड़े कर देने वाला है। मधुमिता शुक्ला के गर्भवती होने की कहानी ने सुर्खियां बटोरीं। त्रिपाठी पति-पत्नी ने उसे षडयंत्रपूर्ण मार डाला व अब आजीवन कारावास काट रहे हैं। भाजपा नेता विनोद आर्य के बेटे, पुलकित आर्य के निजी रिसॉर्ट; 'अनंतरा' के परिसर से लापता हुई, अंकिता भंडारी का शव पुलिस को चिल्ला बिजलीघर के पास मिला। पुलकित आर्य को आजीवन कारावास की सज़ा हुई है। महिलाओं की हत्या व उनके साथ दरिंदगी की हदें पार हो गई हैं। सरला मिश्रा, कांग्रेसी नेता व मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह की अनुयायी थी। भोपाल में उसे आग में जला कर मार दिया गया था। न्यायिक आदेश द्वारा सरला हत्याकांड की पुनः जांच, सीबीआई करेगी। सरला मिश्रा की आत्महत्या या मर्डर का रहस्य जारी है। देश में महिला हत्या की अनेक घटनाएं हुई हैं, लेकिन सबका ज़िक्र संभव नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के मुताबिक, सबसे अधिक क्राइम महिलाओं के खिलाफ़ हो रहे हैं।

जस्टिस ऐ. एन. वर्मा कमिटी रिपोर्ट के आधार पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून तो पारित हो गये हैं, परन्तु धरातल पर वे कार्यान्वित नहीं होते। जब तक पुरुष प्रधान समाज से 'सामंती (फ्यूडल) विचारधारा' को ध्वस्त नहीं किया जाएगा, तब तक इसी प्रकार महिलाओं के साथ अपराध होते रहेंगें। 'नारी का सम्मान', 'लाडली', 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'बेटियाँ हमारी गौरव' जैसे प्रोग्रेसिव विचार; अक्षर मात्र हैं। पितृसत्तात्मक सामंती दृष्टिकोण, असंबद्ध समाज महिलाओं का हत्यारा है। राधिका यादव को इंसाफ मिलना चाहिए, यह इंसाफ समाज का प्रायश्चित है कि वो अपनी बेटियों की सुरक्षा का संकल्प लें। ज़रा सोचिये, क्या राधिका की आत्मा नहीं कहेगी, 'अगले जन्म मुझे बिटिया न कीजो'। आप के घर में भी बच्चियां होंगीं? कृप्या उन्हें सुरक्षित रखें, गोलियों से मत भूनिये।

(लेखक वरिष्ठ टीवी पत्रकार, विचारक, राजनैतिक समीक्षक, सॉलिसिटर फॉर ह्यूमन राइट्स संरक्षण व परोपकारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# प्रेम क्या है? कोई क्रिया नहीं है



संकलित

## दर्शन

प्रेम कोई क्रिया नहीं है। 'मैं' भी प्रेम है और 'तुम' भी प्रेम हो। प्रेम वह तत्त्व है जिससे हम सब बने हैं। यह एक अवस्था है, कोई कार्य नहीं। जब हम वर्तमान में होते हैं, तब हमारा मन स्वच्छ होता है- न क्रोध, न चिंता, बस प्रेम होता है। छोटे बच्चों को देखो-उनके चेहरे पर कितना निर्मल प्रेम होता है! बच्चे आकर्षक क्यों होते हैं? क्योंकि वे अपने भीतर के प्रेम को बिना किसी अवरोध के बाहर लाने देते हैं। यही कारण है कि यीशु ने कहा था- जब तक तुम बच्चों जैसे नहीं बनते, तब तक स्वर्ग के द्वार तुम्हारे लिए नहीं खुलते। बच्चे एक पल रोते हैं, और अगले ही पल हँस पड़ते हैं- यह है वर्तमान में जीने की कला। हम सबमें यह क्षमता है लेकिन जैसे-जैसे हम 'बुद्धिमान' होते जाते हैं, हम अपनी मासूमियत खो देते हैं। आत्मज्ञान का अर्थ है- मासूमियत को बनाए रखते हुए ज्ञान में बढ़ना। एक अज्ञानी व्यक्ति मासूम हो सकता है, लेकिन उसकी मासूमियत का कोई मूल्य नहीं होता। एक चतुर व्यक्ति चालाक हो सकता है, पर उसकी बुद्धिमत्ता में करुणा न हो तो वह भी व्यर्थ है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था है-जब व्यक्ति बुद्धिमान हो, लेकिन फिर भी भीतर से मासूम बना रहे। यह जीवन में बहुमूल्य है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था यह है कि हम बुद्धिमान बनें, पर भीतर से बच्चे जैसे सरल और निष्कलुष बने रहें। आज की भागदौड़ भरी जीवन में हम सब सफल, समझदार, प्रभावशाली बनना चाहते हैं लेकिन इस दौड़ में कहीं हमारी सरलता, सहजता और वह निर्मल मुस्कान पीछे छूट गई है।

# सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें



संकलित

## प्रेरणा

एक नदी के तट पर एक शिव मंदिर था, एक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई। जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था। जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशन थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया। जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई- हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी। लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। जबकि इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था। लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएँ ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है। इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बारिश में सड़कों पर पशुओं का बसेरा

शहर में आवारा पशुओं का इन दिनों सड़कों पर बसेरा बढ़ गया है। बारिश के वजह से पशु पालने वाले घरों से पशुओं को खुला छोड़ देते हैं और वे हरा पानी की तलाश में शहर का सड़कों पर आकर अपना बसेरा बनाते हैं। सड़क पर चलने वाले कुछ नागरिक या तो इनका शिकार बनते हैं या वाहनों की चपेट में आकर पशु घायल होते हैं। राजधानी में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की इन पशुओं का कांजी हाउस या अन्यत्र व्यवस्था की जा सके। नगर निगम का संबंधिक विभाग आंख मूंदे हुए है। उसे आवारा पशुओं के सड़कों पर एकत्रित होने का कोई मतलब नहीं। बेहतर हो की प्रशासन इसके संज्ञान लेकर इन पशुओं को कांजी हाउस तक पहुंचाए या उनके मालिकों को दंडित करे। -मनोज त्रिपाठी, रायपुर

## करंट अफेयर

# व्यापार बढ़ाने के लिए चीन व आस्ट्रेलिया ने मिलाया हाथ

ऑस्ट्रेलिया और चीन के शीर्ष नेताओं ने मंगलवार को राजधानी बीजिंग में हुई वार्ता के दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा और मानवाधिकारों पर मतभेदों के बावजूद व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई।



चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ से कहा कि मतभेदों को दरकिनार करते हुए समानता के बिंदुओं की तलाश करना हमारे दोनों देशों और दोनों जनता के मूल हितों के अनुरूप है।

प्रधानमंत्री अल्बनीज़ ने शी की बात से सहमति जताते हुए कहा, यह दृष्टिकोण वास्तव में ऑस्ट्रेलिया और चीन दोनों के लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आया है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र के कई अन्य देशों की तरह ऑस्ट्रेलिया भी अमेरिका और चीन की प्रतिद्वन्द्विता के बीच संतुलन बनाने के लिए प्रयासरत है। जहां उसकी अर्थव्यवस्था काफी हद तक चीन को इस्पात उद्योग के लिए लोहे के अयस्क सहित निर्यात पर निर्भर है, वहीं वह चीन के मानवाधिकार रिकॉर्ड और प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती सैन्य गतिविधियों को लेकर अमेरिकी चिंताओं को भी साझा करता है। प्रधानमंत्री अल्बनीज़ ने 2022 में सत्ता में आने के बाद से चीन के साथ संबंध सुधारने की कोशिशें की हैं।

## ऑफ बीट

# दक्षिणी गोलार्ध में पाई जाती हैं पक्षियों की दुर्लभ प्रजातियां

बर्फ सी सफेद, काली आंखों और काली चोंच वाली 'स्नो पेट्रल' उन केवल तीन पक्षी प्रजातियों में शामिल है जिन्हें कभी दक्षिणी ध्रुव पर देखा गया है।



दरअसल, अंटार्कटिका ही वह एकमात्र स्थान है जहां यह पक्षी पाया जाता है। यह अकेली ऐसी प्रजाति नहीं है। अंटार्कटिका और उप-अंटार्कटिक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसी पक्षी प्रजातियां पाई जाती हैं जो केवल एक या कुछ गिने-चुने स्थानों तक सीमित हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो यह क्षेत्र ''स्थानिकता'' (एंडेमिज़्म) की दृष्टि से अत्यधिक समृद्ध हैं। यह एक महत्वपूर्ण मापदंड है जिससे यह तय किया जाता है कि किन क्षेत्रों में जैव विविधता संरक्षण के प्रयासों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

मोनाश यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक मथायस डेलिंग द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में पाया गया है कि अंटार्कटिका, उप-अंटार्कटिका और समग्र रूप से दक्षिणी गोलार्ध में पक्षियों की स्थानिकता को अब तक कम करके आंका गया है। यह निष्कर्ष इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि जिन क्षेत्रों में स्थानिकता अधिक होती है वहां की प्रजातियां विशेष रूप से सीमित दायरे में पाई जाती हैं। इनका अद्वितीय विकासक्रम होता है या ये पारिस्थितिक तंत्र में विशिष्ट भूमिका निभाती हैं।

## ट्रेंड

### फिटनेस के लिए प्रेरणा



'फौजा सिंह असाधारण व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने विशिष्ट व्यक्तित्व से और 'फिटनेस' के विषय पर भारत के युवाओं को प्रेरित किया। उनकी मृत्यु से बहुत दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। -नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

### चीन पर संसद में हो चर्चा



चीन से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा की जरूरत है और उम्मीद है कि प्रधानमंत्री 21 जुलाई से आरंभ हो रहे मानसून सत्र में इसके लिए सहमति देंगे। जब 1962 के युद्ध के समय संसद में खुली चर्चा हो सकती है तो फिर आज क्यों नहीं हो सकती। -जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

### पीएम व मंत्रियों को छूट क्यों



लोकसभा में सीट पर ही उपस्थिति दर्ज करने के लिए नया मल्टीमीडिया उपकरण इस मानसून सत्र में प्रभावी हो जाएगा। यदि उपस्थिति दर्ज कराने की यह प्रक्रिया, पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए है, तो प्रधानमंत्री और मंत्रियों को इससे छूट क्यों? -माणिकम टैगोर, कांग्रेस सांसद

### पुत्री हत्या में कोई गर्व नहीं



अपने ही बच्चे की हत्या करने में कोई सम्मान नहीं होता। अगर पहले कुछ लोग उसे ताने देते थे, तो अब पूरी दुनिया दीपक यादव को एक पराजित और कायर इंसान के रूप में याद करेगी। दीपक यादव, आपने इतिहास में अपनी जगह एक पराजित और डरपोक व्यक्ति के रूप में पक्की कर ली है। -ऋचा चड्ढा, बॉलीवुड अभिनेत्री

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### पंजाब एफसी ने डिफेंडर बिजॉय वर्गीस के साथ किया करार

**मोहाली।** पंजाब एफसी ने मंगलवार को इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के आगामी सत्र के लिए इंटर काशी से डिफेंडर बिजॉय वर्गीस को अपने साथ जोड़ने की घोषणा की। पच्चीस वर्षीय सेंटर बैक बिजॉय ने टीम के साथ 2028 तक अनुबंध किया है। बिजॉय 2021-22 सत्र में केरला ब्लास्टर्स में शामिल हुए और उस वर्ष उपविजेता रही टीम का हिस्सा थे। इसके बाद वह 2023-24 सत्र के लिए उधार पर आईलीग फ्रेंचाइजी इंटर काशी में शामिल हुए और 2024-25 सत्र में 10 मैच खेले। बिजॉय ने कहा, "मैं पंजाब एफसी में शामिल होकर बहुत उत्साहित हूं और अपने करियर के इस नए अध्याय का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा हूं। क्लब में रक्षा पंक्ति में जगह बनाने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है जो मेरे विकास के लिए बहुत अच्छा है और यह मुझे हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

### ऋतुपर्णा-श्वेतापर्णा जापान ओपन बैडमिंटन से बाहर



**तोक्यो।** ऋतुपर्णा पांडा और श्वेतापर्णा पांडा की भारतीय महिला युगल जोड़ी को मंगलवार को जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में कोकोना इशिकावा और माइको कावाजोई से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी जापान की जोड़ी को कोई टक्कर नहीं दे पायी। इशिकावा और कावाजोई ने मैच की शुरुआत से दबदबा कायम करते हुए महज 32 मिनट में 21-13, 21-7 से एकतरफा जीत हासिल की। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, लक्ष्य सेन और पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी बुधवार को अपने अभियान का आगाज करेंगे।

### शेफाली टी20 रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंची



**दुबई।** भारत की आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रही। इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टी20 अंतराष्ट्रीय श्रृंखला में 158.56 के स्ट्राइक रेट से 176 रन बनाने वाली शेफाली इस रैंकिंग में 655 अंकों के साथ चार स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गयी है। उप-कप्तान स्मृति मंधाना तीसरे नंबर के साथ इस सूची में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी है। मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स दो पायदान नीचे 14वें स्थान पर खिसक गयी।

### भारत 'ए' को यूरोपीय दौरे पर इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा

**एम्स्टेलवीन (नीदरलैंड)।** भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम को मंगलवार को यहां एक करीबी मुकाबले में इंग्लैंड से 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। यह यूरोपीय दौरे पर टीम की लगातार दूसरी हार है। युवा भारतीय फॉरवर्ड मनजिंदर सिंह और उत्तम सिंह के गोल से भारत 'ए' ने यहां के वैगनर स्टेडियम में विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज इंग्लैंड को कड़ी टक्कर दी लेकिन यह टीम को हार से बचाने के लिए काफी नहीं था। मैच के बाद भारत 'ए' के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा, "हमने शुरुआत में इस दौरे पर तीन बहुत अच्छी जीत हासिल की थी और अब दो बहुत करीबी हार मिली हैं।

# टेस्ट क्रिकेट : भारत के खिलाफ इन बल्लेबाजों ने जड़े हैं सबसे ज्यादा शतक

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट ने लॉर्ड्स टेस्ट में भारत के खिलाफ शानदार शतक (104) जड़ते हुए खास उपलब्धि हासिल की। यह भारत के खिलाफ उनका 11वां टेस्ट शतक रहा। सीरीज के पहले 2 टेस्ट में रूट का बल्ला खामोश रहा था। रूट अब भारत के खिलाफ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। आइए नजर डालते हैं उन बल्लेबाजों पर, जिन्होंने भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाए हैं।

### स्टीव स्मिथ और जो रूट (11-11 शतक)

इस सूची में रूट के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ हैं। दोनों ने भारत के खिलाफ 11-11 शतक लगाए हैं। रूट ने 33 टेस्ट की 60 पारियों में यह कारनामा किया है। स्मिथ ने 24 टेस्ट की 46 पारियों में 11 शतक लगाए हैं। इस कंगारू बल्लेबाज ने 58.90 की औसत से 2,356 रन बनाए हैं। रूट के बल्ले से 54.87 की औसत से 3,059 रन निकले हैं।





### गैरी सोबर्स, विवियन रिचर्ड्स और पोंटिंग (8-8 शतक)

दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 3 बल्लेबाज गैरी सोबर्स, विवियन रिचर्ड्स और रिकी पोंटिंग हैं। इन खिलाड़ियों ने भारत के खिलाफ टेस्ट में संयुक्त रूप से 8-8 शतक लगाए हैं। सोबर्स ने 18 टेस्ट की 30 पारियों में 83.47 की औसत से 1,920 रन बनाए थे। रिचर्ड्स के बल्ले से 28 टेस्ट की 41 पारियों में 50.71 की औसत 1,927 रन निकले थे। पोंटिंग ने 29 मैचों की 51 पारियों में 54.36 की औसत से 2,555 रन बनाए थे।

### इन 6 बल्लेबाजों ने जड़े हैं 7-7 शतक

तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 6 बल्लेबाज हैं। एवर्टन वीक्स (वेस्टइंडीज), माइकल क्लार्क (ऑस्ट्रेलिया), शिवनारायण चंद्रपॉल (वेस्टइंडीज), क्लाइव लायड (वेस्टइंडीज) और एलिस्टेयर कुक (इंग्लैंड) ने भारत के खिलाफ 7-7 शतक जड़े थे। कुक ने इन खिलाड़ियों में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा 2,431 रन बनाए थे। उन्होंने 30 टेस्ट की 54 पारियों में 47.66 की औसत से ये रन बनाए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 294 रन रहा था। कुक भारत के खिलाफ आखिरी बार 2018 में खेले थे।

### जयवर्धने सहित छह ने जड़े हैं 6-6 शतक

डेविड बून (ऑस्ट्रेलिया), मुदस्सर नजर (पाकिस्तान), जहीर अब्बास (पाकिस्तान), महेला जयवर्धने (श्रीलंका), केविन पीटरसन (इंग्लैंड) और मैथ्यू हेडन (ऑस्ट्रेलिया) इस सूची में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। इन खिलाड़ियों ने भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में 6-6 शतक लगाए हैं। हेडन ने इन खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा 1,888 रन बनाए हैं। उन्होंने 59 की औसत से बल्लेबाजी की है। उनके बल्ले से 8 अर्धशतक भी निकले थे। उनकी औसत 65.92 की रही थी।

**सात बल्लेबाज 0 पर आउट, सिर्फ एक ही छू सका दहाई का आंकड़ा**

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 27 रन पर किया ढेर, सीरीज 3-0 से जीती

एजेंसी ▸▸| किंग्स्टन (जमैका)



मिशेल स्टार्क ने नौ रन देकर छह विकेट लिए और स्कॉट बोलैंड ने हैट्रिक ली जिससे ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को टेस्ट क्रिकेट के दूसरे न्यूनतम स्कोर 27 रन पर आउट कर दिया तथा तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच 176 रन से जीत कर श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

वेस्टइंडीज पर एक समय टेस्ट क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन खराब फील्डिंग का फायदा उठाकर वह न्यूजीलैंड के 26 रन के विश्व रिकॉर्ड से एक रन आगे निकलने में सफल रहा। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट मैच 159 रन और दूसरा टेस्ट मैच 133 रन से जीता था और इस तरह से फ्रैंक वारेल ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी।

### स्टार्क ने 15 गेंद पर लिए 5 विकेट

अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे स्टार्क ने अपनी पहली 15 गेंद पर पांच विकेट लिए जो टेस्ट इतिहास में सबसे तेज पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड है। उन्होंने अपने करियर में 15वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए। उन्होंने वेस्टइंडीज़ की दूसरी पारी की पहली ही गेंद पर एक विकेट और पहले ही ओवर में तीन विकेट लिए। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने इस दौरान टेस्ट क्रिकेट में 400 विकेट भी पूरे किए।

### ग्रीव्स ने 11 रन बनाए

ऑस्ट्रेलिया को सबीना पार्क में पहले दिन-रात्रि टेस्ट में 204 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरे वेस्टइंडीज को हराने और श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप करने में केवल 14.3 ओवर लगे। यह मैच केवल ढाई दिन में समाप्त हो गया। वेस्टइंडीज के शीर्ष छह बल्लेबाजों ने कुल मिलाकर केवल छह रन बनाए। उसके सात बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। उसकी तरफ से जस्टिन ग्रीव्स ने सर्वाधिक 11 रन बनाए।

### 70 साल पुराना रिकॉर्ड टूटने से बचा

वेस्टइंडीज का यह टेस्ट क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर है। उसने 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ इसी मैदान पर बनाए गए 47 रन के स्कोर को पीछे छोड़ दिया। छठे ओवर में उसका स्कोर छह विकेट पर 11 रन था उस पर टेस्ट इतिहास के न्यूनतम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था। लेकिन 14वें ओवर में 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास की गलत फील्डिंग के कारण वेस्टइंडीज को एक रन लेने का मौका मिला और वह 27 रन तक पहुंच गया, जिससे न्यूजीलैंड का 70 साल पुराना 26 रन का रिकॉर्ड टूटने से बच गया, जो उसने 1955 में इंग्लैंड के खिलाफ ऑकलैंड में बनाया था।

### श्रृंखला शानदार रही : स्टार्क

मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए स्टार्क ने कहा, "यह शानदार श्रृंखला रही। पूरे मैच में बल्लेबाजों के लिए हालत बहुत अच्छे नहीं रहे। ऐसी परिस्थितियों में दूधिया रोशनी में सख्त गुलाबी गेंद से खेलना आसान नहीं होता लेकिन हमें विश्वास नहीं था कि मैच इतनी जल्दी खत्म हो जाएगा।" स्टार्क ने लगातार गेंदों पर केवलन एंडरसन और ब्रैंडन किंग को आउट किया लेकिन उन्होंने हैट्रिक का मौका गंवा दिया।

**ओलंपिक-2028**

# 128 साल बाद लॉस एंजिल्स ओलंपिक में होगा क्रिकेट



एजेंसी ▸▸| लॉस एंजिल्स

लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक में क्रिकेट की 128 साल बाद बहुप्रतीक्षित वापसी लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमेना शहर के फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में 12 जुलाई को होगी, जिसमें पदक मैच 20 और 29 जुलाई, 2028 को खेले जाएंगे। पुरुष और महिला वर्ग में कुल छह-छह टीमें और 180 खिलाड़ी ओलंपिक में क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप टी20 में भाग लेंगे। प्रतियोगिता के कार्यक्रम के अनुसार अधिकतर दिन दो मैच खेले जाएंगे जबकि 14 और 21 जुलाई को कोई मैच नहीं होगा।

### वर्ष 1900 में ओलंपिक में खेला गया था क्रिकेट

*ओलंपिक में इससे पहले केवल एक बार 1900 में पेरिस ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया गया था। उसमें तब केवल दो टीम ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने भाग लिया था। ग्रेट ब्रिटेन ने प्रतियोगिता के एकमात्र मैच में जीत हासिल करके स्वर्ण पदक जीता था। 1904 के ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की कोशिश की गई थी। हालांकि, खेलने के लिए कोई टीम नहीं मिली और इसे ओलंपिक से बाहर कर दिया गया था।*

### पुरुष-महिला वर्ग में 90 खिलाड़ियों का कोटा

*पुरुष और महिला वर्ग में कुल 90 खिलाड़ियों का कोटा आवंटित होने के कारण 12 प्रतिस्पर्धी टीमें 15 सदस्यीय दल की घोषणा कर सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने क्रिकेट, बेसबॉल, सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस (सिक्स) और स्क्वाश को 2028 ओलंपिक खेलों में शामिल करने को मंजूरी दी थी।*

### लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किमी दूर होंगे मैच

*सभी क्रिकेट मैच लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमाना शहर के फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में होंगे। आयोजकों ने इस बारे में बयान जारी करते हुए कहा, लगभग एक सदी से, यह स्थान वार्षिक एलए काउंटी केंद्र रहा है। यह विशाल मैदान ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की विजयी वापसी की पृष्ठभूमि बनेगा।*

**इंग्लैंड बनाम भारत**

# इंग्लैंड टेस्ट टीम में गेंदबाज लियाम शामिल, बशीर बाहर



एजेंसी ▸▸| मैनचेस्टर

इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज 2025 के चौथे टेस्ट के लिए अपनी टीम का ऐलान किया है। आगामी 23 जुलाई से मैनचेस्टर में होने वाले अगले मुकाबले के लिए मेजबान टीम ने अपने दल में स्पिनर लियाम डॉसन को जोड़ा है। उन्हें चोट के कारण सीरीज से बाहर हुए शोएब बशीर की जगह पर टीम में शामिल किया गया है।

**डॉसन ने खेले हैं 3 टेस्ट** : 35 वर्षीय डॉसन ने इंग्लैंड के लिए आखिरी बार जुलाई 2017 में टेस्ट खेला था। उन्होंने इंग्लैंड के लिए 3 टेस्ट खेले, जिसमें बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 1 अर्धशतक की बदौलत 84 रन बनाए हैं। बाएं हाथ के स्पिनर ने 7 विकेट लिए थे। इंग्लिश टीम के चयनकर्ता, ल्यूक राइट ने कहा, डॉसन टीम में शामिल होने के हकदार हैं। वह काउंटी चैंपियनशिप में शानदार फॉर्म में हैं और हैम्पशायर के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

### चौथे टेस्ट के लिए इंग्लिश टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल,हैरी ब्रूक, ब्राइडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग और क्रिस वोक्स।

### कीबोर्ड योद्धाओं को चुप कराकर खुश हूं : जोफ्रा आर्चर

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने अपने आलोचकों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने उन 'कीबोर्ड योद्धाओं' को चुप करा दिया जो कई चोटों से उबरने के बाद रिहैबिलिटेशन के दौरान उनके पीछे पड़े थे। 2021 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे आर्चर ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में भारत की हार का कारण बने। उन्होंने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शून्य पर आउट किया और फिर ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर के विकेट लेकर सोमवार को इंग्लैंड को 22 रन से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आर्चर ने 'स्काई स्पोर्ट्स' से कहा मैं आपको बता नहीं सकता कि पिछले तीन या चार वर्षों में कितने कीबोर्ड योद्धा मेरे पीछे पड़े हुए थे।" उन्होंने कहा, "वापसी में काफी समय लग गया। काफी रिहैबिलिटेशन और ट्रेनिंग करनी पड़ी, लेकिन ऐसे पल ही हैं जो इसे सार्थक बनाते हैं। दर्शकों ने मेरा पूरा हौसला बढ़ाया। मैं सफल वापसी करके खुश हूं।

### जडेजा बशीर के खिलाफ आक्रामक शॉट खेल सकते थे : कुंबले



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में भारतीय हरफनमौला रविंद्र जडेजा को स्पिनर शोएब बशीर के खिलाफ मोहम्मद सिराज को स्ट्राइक देने की जगह खुद जोखिम उठाकर आक्रामक शॉट खेलना चाहिए था। जडेजा के साथ पुछल्ले बल्लेबाजों के संघर्ष से भारत मैच में वापसी करने में काफी हद तक सफल रहा लेकिन उसे 22 रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। कुंबले को इस मैच ने चेन्नई में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट की याद दिला दी जिसमें सचिन तेंदुलकर ने पीठ दर्द के बावजूद 136 रन की पारी खेली लेकिन भारतीय टीम को 12 रन से हार का सामना करना पड़ा था। उस मैच में ऑफ स्पिनर सकलैन मुश्ताक द्वारा जवागल श्रीनाथ का आउट होना सोमवार को सिराज के स्टंप्स की गिल्लियों को गिराने वाली गेंद के समान था। उन्होंने आगे कहा, "तीनों टेस्ट मैच बेहद रोमांचक रहे और दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। इंग्लैंड की टीम श्रृंखला में 2-1 से आगे है लेकिन अगर आप हर सत्र के प्रदर्शन को देखें तो यह बराबरी मुकाबला रहा है।

# टी20 में ऐतिहासिक जीत के बाद वनडे में दबदबा बनाने की उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी ▸▸| साउथम्पटन



इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी भारतीय महिला टीम बुधवार से यहां शुरू हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में भी इसी लय को बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारतीय टीम ने टी20 श्रृंखला में 3-2 से जीत दर्ज करके नया इतिहास रचा था। यह पहला अवसर था जबकि भारत ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में इंग्लैंड से श्रृंखला जीती।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 5:30 बजे शुरू होगा। इस साल के आखिर में भारत में वनडे विश्व कप खेला जाना है और उसे देखते हुए हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम 50 ओवरों के प्रारूप में भी अपना प्रदर्शन बेहतर करना चाहेगी। भारत ने अपना आखिरी वनडे मैच मई में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में जीता था। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में जीत हासिल करने से भारतीय टीम का विश्व कप से पहले मनोबल और बढ़ेगा।

**पीएम मोदी ने दृढ़ संकल्पी असाधारण धावक बताया**

# 114 वर्ष के फौजा सिंह की मौत पर सभी ने शोक जताया

- 89 वर्ष की उम्र में मैराथन शुरू की और फिर दुनिया में अपने जोश एवं जज्बे का डंका बजाया

एजेंसी ▸▸| चंडीगढ़



पंजाब पुलिस दुनिया के सबसे बुजुर्ग मैराथन धावक फौजा सिंह को टक्कर मारने वाले वाहन चालक की तलाश कर रही है। फौजा सिंह जालंधर स्थित अपने पैतृक गांव ब्यास पिंड में सोमवार शाम टहलने निकले थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई थी। वह 114 वर्ष के थे। फौजा सिंह ने 89 वर्ष की उम्र में मैराथन दौड़नी शुरू की और फिर दुनिया भर में अपने जोश एवं जज्बे का डंका बजाया। कुछ ग्रामीणों ने मंगलवार को कहा कि संभवतः एक एसयूवी ने फौजा सिंह को टक्कर मारी। उन्होंने दावा किया कि फौजा सिंह टक्कर लगने के बाद पांच से सात फुट तक हवा में उछल गए थे। मैराथन धावक की मृत्यु पर विभिन्न दलों के नेताओं ने शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फौजा सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह एक असाधारण व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने विशिष्ट व्यक्तित्व और 'फिटनेस' से भारत के युवाओं को प्रेरित किया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि सिंह दृढ़ संकल्प वाले असाधारण धावक थे। प्रधानमंत्री ने कहा, "फौजा सिंह असाधारण व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने विशिष्ट व्यक्तित्व से और 'फिटनेस' के विषय पर भारत के युवाओं को प्रेरित किया।" उन्होंने कहा, "उनकी मृत्यु से बहुत दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और दुनिया भर में उनके अनगिनत प्रशंसकों के साथ हैं।"

### कैसे हुआ हादसा?

आदमपुर थानाप्रभारी हरदेवप्रीत सिंह ने बताया कि फौजा सिंह सोमवार दोपहर साढ़े 3 बजे ब्यास गांव में जालंधर-पठानकोट हाईवे पर टहल रहे थे। उसी दौरान पीछे से आए किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन शाम को उन्होंने दम तोड़ दिया।

### बेटे की मौत के बाद बदल गई दुनिया

फौजा ने अगस्त 1994 में अपने 5वें बेटे कुलदीप सिंह की मौत के बाद दुख से उबरने के लिए 83 साल की उम्र में दौड़ना शुरू किया था। साल 2000 तक वह गंभीर नहीं थे, लेकिन 89 साल की उम्र में उन्होंने दौड़ को गंभीरता से लिया और उसी साल लंदन मैराथन को 6 घंटे 54 मिनट में पूरा कर सुर्खियां बटोर लीं। उसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और जल्द ही युवाओं और बुजुर्गों की प्रेरणा बन गए।

### 2011 में बने सबसे उम्रदराज धावक

फौजा 16 अक्टूबर, 2011 को ओंटारियो मास्टर्स एसोसिएशन इनविटेशनल मीट में मैराथन पूरा करने वाले वे दुनिया के पहले शताब्दीवीर बने। इस उपलब्धि ने उन्हें सबसे उम्रदराज मैराथन धावक बना दिया। उन्होंने टोरंटो वाटरफ्रंट मैराथन 8 घंटे, 11 मिनट और 6 सेकंड में पूरी की थी। इस उपलब्धि से पहले उन्होंने टोरंटो के बिर्चमाउंट स्टेडियम में उसी इवेंट में एक ही दिन में आठ विश्व आयु-समूह रिकॉर्ड बनाए थे। इसमें उनकी आयु वर्ग के लिए 5 विश्व रिकॉर्ड शामिल थे।

## ‘भारतनेट’ योजना का जल्द शुरू होगा तीसरा चरण

# तीन सालों में 6 लाख गांवों तक पहुंचेगा हाईस्पीड इंटरनेट

*दूरसंचार सचिव नीरज मित्तल ने बताया कि भारत में इंटरनेट डेटा की कीमत दुनिया के मुकाबले बहुत कम है। यहां एक जीबी डेटा की कीमत लगभग 9 सेंट (लगभग 7-8 रुपए) है, दुनिया का औसत 2.6 डॉलर (लगभग 215 रुपए) प्रति जीबी है*


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


केंद्र सरकार की एक बड़ी योजना है कि अगले तीन सालों में देश के छह लाख गांवों को हाई स्पीड इंटरनेट से जोड़ा जाए। इसके लिए सरकार गांवों को हाई-स्पीड ऑप्टिकल फाइबर-बेस्ड ब्रॉडबैंड से जोड़ने की योजना बना रही है। सरकार का लक्ष्य है कि देश में डिजिटल सुविधाओं को और मजबूत किया जाए और बड़े शहरों के बाहर भी ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) को बढ़ाया जाए।

सीआईआई-जीसीसी बिजनेस समिट में दूरसंचार सचिव नीरज मित्तल ने बताया कि भारतनेट फेज 3 नाम की इस योजना पर 1.39 लाख करोड़ खर्च होंगे। इसके तहत तीन सालों के अंदर हमारी सभी ग्राम पंचायतें (लगभग 2.5 लाख) और उनसे जुड़े गांव (लगभग 6 लाख) हाई-स्पीड ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्कसे जुड़ जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह इन्फ्रास्ट्रक्चर जीसीसी को छोटे शहरों (टियर 2 और टियर 3) में विस्तार करने में मदद करेगा, जिससे वे बड़े शहरी केंद्रों से आगे बढ़ सकेंगे।

**भारतनेट फेज 3 योजना पर 1.39 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे**

**भारत में औसत ब्रॉडबैंड स्पीड लगभग 138 एमबीपीएस है**





### ऑप्टिकल फाइबर से जुड़ेंगे मोबाइल टॉवर

*नीरज मित्तल ने बताया कि इस योजना में मोबाइल टावरों को भी ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा जाएगा। इससे नेटवर्क की स्पीड बेहतर होगी और भविष्य में आने वाली 6G सेवाओं के लिए भी तैयारी हो जाएगी। सरकार वाई-फाई को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त स्पेक्ट्रम को खाली करने पर भी काम कर रही है। साथ ही टेलीकॉम सेक्टर में रिसर्च एंड डेवलपमेंट, स्टार्टअप्स और छोटे व मध्यम उद्योगों को भी बढ़ावा दिया जाएगा।*

### सबसे कम डेटा लागत और मजबूत स्पीड

नीरज मित्तल ने बताया कि भारत में इंटरनेट डेटा की कीमत दुनिया के मुकाबले बहुत कम है। यहां एक जीबी डेटा की कीमत लगभग 9 सेंट (लगभग 7-8 रुपए) है, जबकि दुनिया का औसत 2.6 डॉलर (लगभग 215 रुपए) प्रति जीबी है। यह जीसीसी के लिए एक बहुत बड़ी सुविधा है। भारत में औसत ब्रॉडबैंड स्पीड लगभग 138 एमबीपीएस है।

### 5जी कवरेज लगभग पूरे देश में

दूरसंचार सचिव ने बताया कि हम जीसीसी के 99.6 प्रतिशत हिस्से को कवर करते हैं। देश में सिर्फ दो जिले ऐसे हैं जहां 5जी नहीं है। तीन कंपनियां अब नए लाइसेंस के साथ बिजनेस करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो इन टियर 2, टियर 3 शहरों और उन लोगों को जोड़ेंगी जो इन जीसीसी के लिए काम करना चाहते हैं, जहां भी वे चाहें।

## ब्रिटिश अथॉरिटी ने फ्यूल स्विच के इंस्पेक्शन को लेकर जारी किया था अलर्ट

# क्या एयर इंडिया ने क्रैश से पहले ब्रिटेन की चेतावनी को नजरअंदाज किया

## बोइंग 787 ड्रीमलाइनर सहित पांच मॉडलों पर रोजाना जांच का था निर्देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान के अहमदाबाद में क्रैश ने कई गंभीर सवाल खड़े किए. इस दुर्घटना से सिर्फ चार हफ्ते पहले, ब्रिटेन की सिविल एविएशन अथॉरिटी (सीएए) ने फ्यूल कंट्रोल स्विच को लेकर एक अहम चेतावनी जारी की थी, जिसमें बोइंग 787 ड्रीमलाइनर सहित पांच मॉडलों पर रोजाना जांच का निर्देश दिया गया था। हालांकि, एयर इंडिया गैर-जरूरी मानते हुए इस फ्यूल स्विच की जांच नहीं करता।

ब्रिटेन की सीएए ने 15 मई को जारी सिक्योरिटी अलर्ट में कहा था कि बोइंग के कुछ विमानों में लगे फ्यूल शटऑफ वॉल्व एक्टुएटर एक संभावित सुरक्षा जोखिम पैदा कर सकते हैं। इस आधार पर उन्होंने सभी एयरलाइन ऑपरेटर्स को निर्देश दिया कि वे एफएए के एयरवर्थीनेस डायरेक्टिव (एडी) की समीक्षा करें और देखें कि क्या यह उनके विमानों पर लागू होता है।

### क्रैश हुए विमान मॉडल भी चेतावनी की लिस्ट में

इस चेतावनी में बोइंग 737, 757, 767, 777 और 787 मॉडल शामिल थे और एयरलाइनों को निर्देश दिया गया था कि वे अपने विमानों पर फ्यूल शटऑफ वॉल्व एक्टुएटर की जांच, परीक्षण या जरूरत के मुताबिक बदलाव करें। एयर इंडिया ने इस चेतावनी को लागू नहीं किया। एयर इंडिया का कहना है कि एफएए द्वारा 2018 में जारी विशेष एयरवर्थीनेस सूचना बुलेटिन (एसएआईबी) सिर्फ एक सलाह थी, जबकि अनिवार्य नहीं. इसलिए उन्होंने फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच नहीं कराई।



### शुरुआती जांच रिपोर्ट

एएआईबी द्वारा जारी शुरुआती जांच रिपोर्ट में लिखा है, ‘एयर इंडिया से मिली जानकारी के मुताबिक, सुझाव के मुताबिक निरीक्षण इसलिए नहीं किया गया क्योंकि एसएआईबी सिर्फ सलाह थी, और यह अनिवार्य नहीं था। वीटी-एएनबीविमान पर 2019 और 2023 में थ्रॉटल कंट्रोल मॉड्यूल बदला गया, लेकिन यह बदलाव फ्यूल कंट्रोल स्विच से संबंधित नहीं था।’ इनके अलावा रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि 2023 के बाद से वीटी-एएनबी विमान में फ्यूल कंट्रोल स्विच से जुड़ी कोई खराबी दर्ज नहीं हुई थी। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या एयर इंडिया ने सीएए की 15 मई 2025 की सुरक्षा चेतावनी को गंभीरता से नहीं लिया? जबकि यह चेतावनी ऑपरेटर्स के लिए स्पष्ट रूप से एक्शन योग्य थी, ना कि सिर्फ सलाह।

### अब कर रहा है बोइंग के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच

एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने अपने बोइंग 787 और बोइंग 737 बेड़े में फ्यूल कंट्रोल स्विच (**FCS**) की जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई 12 जुलाई से शुरू हुई, उसी दिन जब एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की शुरुआती रिपोर्ट सार्वजनिक की गई थी। सूत्रों के अनुसार, बोइंग 787 विमानों में अब तक लगभग 50% **FCS** की जांच पूरी हो चुकी है, जबकि बोइंग 737 बेड़े में लगभग 100% जांच पूरी कर ली गई है। सूत्रों ने यह भी बताया कि अब तक की गई जांच में फ्यूल कंट्रोल स्विच में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई है।

## यूलिया स्विरीडेंको बनीं यूक्रेन की नई पीएम

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने यूलिया स्विरीडेंको को देश का नया पीएम नियुक्त किया है। वहीं लंबे समय से इस पद पर रहे निवर्तमान पीएम डेनिस शम्हाल को नया रक्षा मंत्री बनाया गया है। वहीं निवर्तमान रक्षा मंत्री रुस्तेम उमेरोव को अमेरिका में यूक्रेन का नया राजदूत बनाया जा सकता है। स्विरीडेंको इससे पहले यूक्रेन के उप पीएम पद पर तैनात थीं।




## चार ठिकानों से 3.3 करोड़ रु. नकदी विदेशी मुद्रा सहित महंगे वाहन जब्त

**मुंबई (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को मुंबई में अवैध ‘डब्बा ट्रेडिंग’ और ऑनलाइन सट्टेबाजी नेटवर्क के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत छापेमारी की। ये नेटवर्क करोड़ों रुपए की धनराशि का लेन-देन कर रहे थे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ईडी ने मुंबई में चार ठिकानों से लगभग 3.3 करोड़ रुपए की बेहिसाब नकदी, कुछ लग्जरी घड़ियां और आभूषण, विदेशी मुद्रा और महंगे वाहन जब्त किए हैं। कार्रवाई अब भी जारी है। बता दें, ‘डब्बा ट्रेडिंग’ शेयरों में व्यापार के एक अवैध और अनियमित रूप को संदर्भित करता है।

## सुरक्षा बलों को मिली कामयाबी

# मणिपुर के पांच जिलों में 86 हथियार सहित 974 गोला और बारूद बरामद



**इंफाल।** मणिपुर के घाटी के पांच जिलों में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने एक साथ चलाए गए समन्वित अभियान में 86 हथियार और 974 गोला-बारूद बरामद किए। पुलिस महानिरीक्षक (जोन-2) के. कबीब ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व, काकचिंग, इंफाल पश्चिम, थौबल और बिष्णुपुर जिलों में अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीम द्वारा कई स्थानों पर एक साथ समन्वित अभियान चलाया गया। बरामद हथियारों में 5 एके राइफल, 3 इंसास राइफल, 16 एसएलआर, 5 प्वॉइंट 303 राइफल, 19 पिस्तौलें, 2 कार्बाइन, 9 अन्य प्रकार की राइफल और 16 सिंगल बैरल बंदूक शामिल हैं।

### पांच उग्रवादियों समेत सात गिरफ्तार

मणिपुर में तीन प्रतिबंधित संगठनों के 5 उग्रवादियों सहित 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के एक सक्रिय सदस्य को सोमवार को थौबल जिले के लीरोंगथेल पित्रा से गिरफ्तार किया गया, जो कि थौबल जिले में वसूली और कैडर की सक्रिय भर्ती में शामिल था।

## यूएस राष्ट्रपति ट्रंप की रूस को धमकी

# यूक्रेन से ‘शांति समझौता’ नहीं तो लगेगा भारी टैरिफ



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि रूस 50 दिनों के भीतर यूक्रेन के साथ शांति समझौता नहीं करता है तो कड़े प्रतिबंध लगाएंगे। अमेरिका उसकी अर्थव्यवस्था पर 100% तक के भारी टैरिफ लगाएगा। ओवल ऑफिस में नाटो के महासचिव मार्क रूटे के साथ मुलाकात के दौरान ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन को जल्द से जल्द हथियार भेजे जाएंगे। ट्रंप ने कहा कि मैं राष्ट्रपति पुतिन से निराश हूं। मुझे लगा था कि दो महीने पहले हम समझौता कर लेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ट्रंप ने यह भी कहा कि वे पुतिन के खेल में नहीं फंस रहे हैं। ट्रंप ने पुतिन को कठोर इंसान बताते हुए कहा कि उन्होंने क्लिंटन, बुश, ओबामा और बाइडेन को बेवकूफ बनाया, लेकिन मुझे बेवकूफ नहीं बना सकते।

### नाटो के जरिए यूक्रेन को देंगे पैट्रियट मिसाइल

ट्रंप ने बताया कि रूस ने 2022 में यूक्रेन पर बिना उकसावे के हमला किया था और अब शांति वार्ता के बीच हमले तेज कर दिए हैं। ट्रंप और रूटे ने एक योजना पर चर्चा की, जिसमें अमेरिका नाटो सदस्य देशों को पैट्रियट एयर डिफेंस मिसाइलें बेचेगा, जो बाद में यूक्रेन को दी जाएंगी। ट्रंप ने मीडिया से कहा कि हम नाटो सहयोगियों के साथ सौदा पूरा कर चुके हैं। हम ढेर सारे हथियार भेजेंगे और नाटो देश इनका 100 फीसदी भुगतान करेंगे। वहीं, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने एक्स पर बताया कि उन्होंने ट्रंप से फोन पर बात की और नई सैन्य मदद और शांति प्रयासों पर चर्चा की।

### ट्रंप की धमकियों से नहीं डरतेः रूस

**मॉस्को।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी को रूस ने सिरे से खारिज कर दिया है। रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने कहा कि हम किसी भी तरह के अल्टीमेटम को स्वीकार नहीं करते। उन्होंने कहा कि रूस किसी तरह की धमकी या दबाव में नहीं झुकेगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25